RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

## सुविचार

क्या रखा है आपस के बैर में ए यारो,
छोटी सी है ज़िंदगी बस
हर किसी से प्यार करो...
- एच.एल. खुशाल

जब सोच में 'मोच' आती है,
तब हर रिश्ते में 'खरोंच' आती है।
- राजेन्द्र मकवानी

पैर खीचने की बजाय हाथ पकड़िए,
आप भी आगे बढ़ोगे और
दुसरों को भी आगे ले जाओगे।
- अर्चना लवानिया

दैनिक
# विनय उजाला

वर्ष-05, अंक 352 | अलीराजपुर, मंगलवार ● 19 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए , कुल पृष्ठ - 8

### भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने राहुल गांधी से पूछे तीखे सवाल

रांची (हि.स.)। भाजपा के नेता डॉ. गौरव वल्लभ ने कहा कि राहुल गांधी सबसे पहले देश की जनता को ये बताएं कि उनकी जाति और धर्म क्या है? उन्होंने कहा कि देश को जातियों में बांटने वाले राहुल गांधी ने आज झारखंड की धरती पर एक भी ऐसा शब्द नहीं बोला, जिससे झारखंड राज्य विकसित राज्य बने। वल्लभ ने रांची स्थित भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता के दौरान सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी ने 4 दशकों से बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न से क्यों नहीं नवाजा? क्यों आखिर कांग्रेस ने 1947 से लेकर 1989 तक बाबा साहब की अनदेखी की, इसका जवाब दे कांग्रेस?

## संक्षिप्त समाचार

### भारत राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास 2024 का उद्घाटन

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत की साइबर सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल, 卐भारत राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास (भारत एनसीएक्स 2024)卐 का एक उच्च-स्तरीय समारोह में आज उद्घाटन किया गया। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) द्वारा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 18 नवंबर से 29 नवंबर तक चलेगा, जिसका समापन साइबर सुरक्षा में हासिल अनुभव को समग्र बनाने और सर्वोत्तम विधियों को आत्मसात करने के लिए एक व्यापक चर्चा के साथ होगा। 12 दिवसीय यह अभ्यास भारत के साइबर सुरक्षा पेशेवरों और दिग्गजों को उन्नत साइबर सुरक्षा, घटनाओं की प्रतिक्रिया संबंधी क्षमताओं और रणनीतिक निर्णय लेने के साथ उभरते खतरों से निपटने के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### भाजपा की घोषणापत्र व आरोप पत्र समितियों की हुई बैठक

नई दिल्ली (हि.स.)। अगले साल आसन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को चुनाव से जुड़ी भाजपा की घोषणापत्र व आरोप पत्र समितियों की पहली बैठक संयोजक सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के आवास पर हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने अपना मार्गदर्शन व विभिन्न प्रभार राज्यों के घोषणा पत्र का अनुभव साझा किया। तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में घोषणापत्र समिति के सदस्यों डा हर्षवर्धन, विजय गोयल, सरदार अरविंदर सिंह लवली, सतीश उपाध्याय, मीनाक्षी लेखी, प्रवेश साहिब सिंह, अजय महावर, प्रवीण शंकर कपूर, राजकुमार फुलवारिया, नीतू डबास व अभिषेक टंडन ने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े मुद्दे रखे और सभी ने उन पर चर्चा कर मुद्दों को सूचीबद्ध कर कार्य शुरू किया।

**मुंबई में जमकर बरसे मुख्यमंत्री डॉ. यादव...** कांग्रेस के लिए फैमिली फर्स्ट और हमारे लिए लिए नेशन फर्स्ट

# जब हम जय श्रीराम बोलते हैं, दुश्मनों की छाती जल जाती है




विनय उजाला

**मुंबई/भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुंबई की कलिना, धारावी, साईन कोलीवाडा एवं घाटकोपर विधानसभाओं में जनसभा, रोड शो, स्थानीय कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश बदल रहा है।**

हम मुंबई में हुए आतंकवादी हमले को भूले नहीं हैं। यहां ताज होटल में गोलियां चल रही थी, आतंकवादी हमले कर रहे थे और पाकिस्तान में दिवाली मनाई जा रही थी। हमारी सरकार चुपचाप बैठी थी। लेकिन आज अगर पाकिस्तान में दम है, तो मुंबई जैसा हमला करके बताए, भारत आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारेगा। यह है आज का नया और सशक्त भारत। इस चुनाव में हमें दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र तक डबल इंजन की सरकार बनाना है।

### मोदी कहते नहीं, करके दिखाते हैं

डॉ. यादव ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक आज भारतीय जनता पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। पूरी दुनिया के सामने आज भारत एक आदर्श देश बनकर खड़ा है। इसकी वजह यह है कि हमारे नेता मोदी जी जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। उन्होंने ''सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास'' का नारा दिया। लेकिन ये सिर्फ नारा नहीं है, मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने इसे जमीन पर उतारा है।

### हम बहनों को पैसे देते हैं तो कांग्रेसी छाती पीटते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहना योजना हमारे सनातन धर्म की उस भावना की प्रतीक है, जिसमें हम मातृशक्ति को सम्मान देते हैं। हम बहनों के खातों में जब पैसे डालते हैं, तो कांग्रेस के लोग छाती पीटते हैं। वो कहते हैं अरे क्यों दे रहे हो, क्यों पैसे बर्बाद कर रहे हो। लेकिन माता-बहनों को दिया हुआ कोई भी पैसा बेकार नहीं जाता। एक-एक पैसे का सदुपयोग होगा।



### जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम दिल खोलकर जय श्रीराम का नारा लगाते हैं, लेकिन कांग्रेस के लोग उस नारे को सुनकर कुड़कुड़ाने लगते हैं। इस चुनाव में एक तरफ जय श्रीराम बोलने वाले हैं, तो दूसरी तरफ राम के नाम से कुड़कुड़ाने वाले हैं। फैसला आपको करना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई, तो पूरे देश में आनंद छा गया था। लेकिन कांग्रेस के लोग घरों में छिप गए थे। कांग्रेस के लोग प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में तो गए नहीं, आज तक किसी ने मंदिर के दर्शन भी नहीं किए। कांग्रेस और उसके दलों के लोग भगवान राम के दर्शन करने को तैयार ही नहीं हैं। इनको डर है कि अगर जय श्रीराम का नारा लगाएंगे, मथुरा में कृष्ण कन्हैया के मंदिर की बात करेंगे, तो हमारे वोट कट जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में हमने सारे त्यौहार सरकार के द्वारा मनाना शुरू किया है। पहले रामनवमीं मनाई, अभी हाल ही में गोवर्धन पूजा की। लेकिन इससे कांग्रेसियों के पेट में मरोड़ होने लगी। हमने गीता जयंती मनाने की बात कही, तो ये पूछते हैं क्यों मना रहे हो? आप बताइये जो गीता जी सारी दुनिया को रास्ता दिखा रही हैं, क्या उनकी जयंती नहीं मनानी चाहिए? लेकिन कांग्रेस के लोगों को हमारे धर्म, हमारे देवी-देवताओं से कुछ भी लेना-देना नहीं है। आपको इस चुनाव में कांग्रेसियों और उनके साथियों को यह बता देना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं।

# भाजपा की डबल इंजन की सरकार में किसी घुसपैठिए के लिए कोई जगह नहीं : योगी आदित्यनाथ

**साहिबगंज ( हि.स. )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्राकृतिक रूप से धनी झारखंड भौतिक रूप से पिछड़ रह गया। क्योंकि, यहां की जेएमएम-कांग्रेस सरकार ने इसे विकास से वंचित रखा गया।**

योगी सोमवार को राजमहल विधानसभा सीट के प्रत्याशी अनंत ओझा के लिए चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के राजमहल, पाकुड़ जैसे कई इलाकों में जेएमएम और कांग्रेस के जरिये बांग्लादेशी घुसपैठियों का गढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार में किसी घुसपैठिए के लिए कोई जगह नहीं। मैं आपसे एक ही बात कहने आया हूं कि जैसे यूपी में डबल इंजन के सरकार में कोई घुसपैठिया नहीं है, न कोई गोहत्या कर सकता है, न कोई बेटी की इज्जत पर हाथ डाल सकता है। इसी तरह झारखंड में भी हो सकता है और यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। ना कि कांग्रेस और जेएमएम की सरकार। योगी ने ने कहा कि झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को हो चुका है और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होने वाला है। इसके परिणाम 23 नवंबर को आने वाले हैं। अबतक के रुझान बताते हैं कि इस बार भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन दो तिहाई से अधिक सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। इसके बाद सबसे पहले एनडीए की सरकार 21 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्का घर देने का काम करेगी। साथ ही गोगो दीदी योजना के अंतर्गत माताओं और बहनों को प्रति माह 2100 रुपये और ग्रेजुएशन-पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके नौजवानों को सरकार हर माह 2000 रुपये का बेरोजगारी भत्ता देगी। युवा वर्ग को झारखंड के अंदर ही डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने का कार्य किया जाएगा। झारखंड में गोहत्या बंद होगी और बेटियों को सुरक्षा मिलेगी। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार में विकास, समृद्धि और सुशासन है। वहां कोई समस्या और अराजकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या एयरपोर्ट का नामकरण और माता शबरी के नाम पर अयोध्या के भोजनालय का नामकरण किया जाना डबल इंजन की सरकार के कारण ही हुआ।

# आईसीजी ने पाकिस्तान की समुद्री एजेंसी के चंगुल से सात भारतीय मछुआरों को बचाया

**नई दिल्ली ( हि.स. )। भारतीय तटरक्षक बल ( आईसीजी ) ने पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी ( पीएमएसए ) के चंगुल से सात भारतीय मछुआरों को बचाया है, जिन्हें भारत-पाकिस्तान समुद्री सीमा के पास पकड़ लिया गया था।**

आईसीजी का जहाज सोमवार को भारतीय मछुआरों के साथ ओखा हार्बर लौटा, जहां सभी की चिकित्सा जांच की गई। इस घटना के दौरान दुर्भाग्य से मछली पकड़ने वाली भारतीय नाव काल भैरव क्षतिग्रस्त होकर समुद्र में डूब गई। आईसीजी के मुताबिक 17 नवंबर को अपराह्न लगभग 3.30 बजे गश्त पर तैनात आईसीजी के जहाज को नो-फिशिंग ज़ोन के पास काम कर रही एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव से संकट की सूचना मिली। कॉल में बताया गया कि एक अन्य भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव काल भैरव को पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी के पोत ने अपने कब्जे में लेकर भारतीय चालक दल के सात सदस्यों को पकड़ लिया है। इसके जवाब में आईसीजी के जहाज को तुरंत अधिकतम गति से बताए गए स्थान पर भेजा गया। पीएमएसए का जहाज नुसरत भारतीयों को लेकर भारत-पाकिस्तान समुद्री सीमा के पीछे जाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन इसके बावजूद आईसीजी के जहाज अग्रिम ने दो घंटे तक पीछा करने के बाद पीएमएसए के जहाज को रोक लिया। उन्हें साफ तौर पर बताया कि किसी भी हालत में वह पाकिस्तानी जहाज को भारतीय जल क्षेत्र से मछली पकड़ने वाली नाव काल भैरव से भारतीय मछुआरों को ले जाने की अनुमति नहीं देगा। पाकिस्तानी जहाज पर भारतीय मछुआरों को छुड़ाने के लिए दबाव बनाया। इसके बाद आईसीजी जहाज सात मछुआरों को सुरक्षित वापस लाने में सफल रहा, जिनकी चिकित्सा जांच की गई। इस घटना के दौरान दुर्भाग्य से मछली पकड़ने वाली भारतीय नाव काल भैरव क्षतिग्रस्त होकर समुद्र में डूब गई। आईसीजी का जहाज 18 नवंबर को ओखा हार्बर लौटा, जहां आईसीजी, राज्य पुलिस, खुफिया एजेंसियों और मत्स्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से घटना की जांच की, ताकि बचाव अभियान के लिए परिस्थितियों को परखा जा सके। यह सफल प्रयास समुद्र में भारतीय मछुआरों की सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए आईसीजी की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो भारतीय समुद्री समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने में इसके संकल्प को दर्शाता है।

तीसरी आंख




**दिल्ली प्रदूषण पर बोला सुप्रीम कोर्ट**

# 12वीं तक स्कूल बंद करो, स्टेज 4 के प्रतिबंध हमसे पूछे बिना मत हटाना



**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-NCR रीजन में सरकारों को निर्देश दिया है कि प्रदूषण की गंभीर स्थिति देखते हुए 12वीं तक के स्कूल बंद करने पर फैसला लें।**

AQI का स्तर नीचे लाने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) स्टेज 3 और स्टेज 4 के सभी जरूरी प्रतिबंधों को लागू किया जाए। इसी मुद्दे पर सोमवार सुबह जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा कि स्टेज 3 की पाबंदियां लागू करने में आपने देरी क्यों की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप हमारी इजाजत के बगैर GRAP स्टेज 4 से नीचे नहीं आएंगे। भले ही AQI 300 से नीचे ही क्यों ना आ जाए। कोर्ट ने 12वीं तक के फिजिकल क्लासेस बंद करने पर भी जल्द फैसला लेने को कहा। AQI 400 के पार पहुंचने पर GRAP लगाया जाता है हवा के प्रदूषण स्तर की जांच करने के लिए इसे 4 कैटेगरी में बांटा गया है। हर स्तर के लिए पैमाने और उपाय तय हैं। इसे ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) कहते हैं। इसकी 4 कैटेगरी के तहत सरकार पाबंदियां लगाती है और प्रदूषण कम करने के उपाय जारी करती है।

### सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकारों को 5 निर्देश

1. दिल्ली, हरियाणा और यूपी राज्य सरकारें स्टेज 4 के प्रतिबंध तुरंत लगाएं और इनका सख्ती से पालन किया जाए। 2. ये राज्य एक टीम बनाई जाए जो स्टेज 4 के लागू होने पर नजर रखे। 3. अगर किसी प्रतिबंध का उल्लंघन किया जाता है, तो ऐसे केस सुलझाने के लिए मैकेनिज्म बनाया जाए। 4. जब तक हम अगला आदेश नहीं देते, तब तक स्टेज 4 GRAP लागू रहना चाहिए, भले AQI 450 से नीचे आ जाए। 5. 10वीं और 12वीं की क्लास अभी भी लग रही है, NCR में शामिल राज्य सरकारें तुरंत स्कूल बंद करने पर फैसला लें।



## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर मिश्रा ने बाल संरक्षण, सुरक्षा हेतु संकल्प लेकर हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया

**धार, निप्र।** जिले में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक बाल अधिकार जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें जिले के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारियों के साथ बाल सुरक्षा, संरक्षण हेतु संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर किये गए। कार्यक्रम का आयोजन सभी बच्चों के संरक्षण एवं सुरक्षा के मुद्दों पर जन जागरूकता लाने हेतु किया गया। बच्चों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है, जिसके लिए कोई विशेष दिवस या समय नहीं होता है, यह सदैव ही आवश्यक मुद्दा रहेगा। इसी संकल्प के साथ सोमवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के साथ साथ अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि यह सप्ताह हर वर्ष मनाया जाता है एवं सप्ताह के दौरान अनेक प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम में अन्य विभागों के साथ जन समुदाय को भी जोड़ा जाता है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति बच्चों के अधिकार, बाल संरक्षण, बाल संरक्षण कानून एवं अपनी भूमिका को समझ सके और बाल संरक्षण में अपने दायित्वों के निर्वहन में अपनी मुख्य भूमिका निभा सके। सप्ताह में जन समुदाय के साथ ही साथ बच्चों के साथ भी जागरूकता कार्यक्रम किये जाते है ताकि बच्चे भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके एवं समाज के प्रति उनके दायित्वों को भी समझ सके।

### उदयगढ़ में 23 नवंबर को मेगा हेल्थ कैंप, प्रदेश के विशेषज्ञ करेंगे निःशुल्क जांच एवं उपचार

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में 23 नवंबर 2024 को उदयगढ़ में आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य कैंप की तैयारियों की समीक्षा के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने बताया की मेगा स्वास्थ्य कैंप में ऑर्थोपेडिक, रेडियोलॉजिस्ट एवं टीबी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे जो अत्याधुनिक यंत्रों से रोग का डायग्नोसिस कर इलाज करेंगे। इसके साथ ही सिकल सेल एनीमिया, लेप्रोसी, सोनोग्राफी आदि जांचे भी की जाएगी जिससे तत्काल बीमारी का पता कर उपचार किया जा सके। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने बताया कि ये सभी जांच एवं उपचार निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इसमें इंदौर सहित प्रदेश के अलग अलग अस्पतालों से विशेषज्ञ मेगा हेल्थ कैंप में आएंगे और उपचार करेंगे। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने रोगियों एवं अन्य जिले वासियों से आव्हान किया कि अधिक से अधिक संख्या में इस कैंप में सम्मिलित होकर ये स्वास्थ्य सुविधाओं का निःशुल्क लाभ ले। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग को निर्देशित कर कैंप की समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर सिंह, अनुविभागीय अधिकारी श्री अर्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह बघेल, सुश्री प्रियांशी भंवर, अनुविभागीय अधिकारी श्री तपिश पांडे, सीजी गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर श्री जीपी अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

**अलीराजपुर, निप्र।** खेल परिसर, अलीराजपुर में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा इन्दौर जिला स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में 22 एकलव्य आदर्श आवासीय



विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर में प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं में गोल्ड, सिल्वर , ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अनिवार्य हिस्सा है, खेल जीवन में गति लाता है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में शासन द्वारा कई प्रकार की योजनाएं संचालित हो रही है जिससे आप लोग आगे बढ़ सकते है। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा को अलग अलग ना मानते हुए उन्हें सर्वांगीण विकास का हिस्सा मान कर समन्वय स्थापित करने पर ही सफलता प्राप्त होगी। इस दौरान एकलव्य विद्यालय प्राचार्यो श्रीमती अर्चला श्रीवास्तव, जिला खेल अधिकारी सुश्री संतरा निनामा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं 22 एकलव्य विद्यालयों से आए विद्यार्थी उपस्थित थे।

# धार पहुंचे युकां प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र यादव

## कार्यकर्ताओं से कहा - कांग्रेस को समझना है तो आपको नेहरू-गांधी व भगत सिंह को पढ़ना पढ़ेगा

### युकां जिलाध्यक्ष शहरी रोहित कामदार और शहर युकां अध्यक्ष अभिनव बिंजवा ने किया स्वागत

विनय उजाला




**धार, निप्र। मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र दर्शनसिंह यादव का सोमवार को पहली बार नगर आगमन हुआ। वे जैतपुरा होते हुए इंदौर नाका से बड़ी संख्या में वाहन रैली के साथ बस स्टैंड कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे जिले से आए युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान रैली का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंच लगाकर स्वागत किया।**

प्रदेशाध्यक्ष यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा अगर कांग्रेस को समझना है तो पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शहीद-ए-आजम भगत सिंह और सरदार पटेल को पढना होगा। उन्होंने बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर सरकार को जमकर घेरा। स्वागत भाषण युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहरी रोहित कामदान ने दिया। कार्यक्रम के बाद वे दर्शन के लिए शहर के प्राचीन भगवान धारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां भगवान धारनाथ का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

#### ये नेता थे मौजूद

कार्यक्रम में सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल, मुजीब कुरैशी, जिलाध्यक्ष युकां (ग्रामीण) पीयूष गवाल, प्रदेश सचिव चेतन राठौड़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर टोनी छाबड़ा, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अभिनव बिंजवा, अरविंद नायक, मनोज चौहान, सरदारपुर विधानसभा अध्यक्ष दिनेश चौधरी, बंटी डोड, सुनील चौहान, राहुल वर्मा, मोहन डामोर, रवि सेन आदि मौजूद थे।

#### खेर ने ली कांग्रेस की सदस्यता

कार्यक्रम में युकां प्रदेशाध्यक्ष यादव की मौजूदगी में भगवा परिवार के चेतन खेर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। भगवा परिवार शहर सहित जिलेभर में सामाजिक संगठन के रूप में अपनी पहचान रखता है, जो बीते कुछ वर्षों से सामाजिक कार्यक्रमों और आयोजन में सक्रियता रखता है। भगवा परिवार में पदाधिकारी के तौर पर काम करने वाले खेर ने कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस ज्वाइन की। संचालन जीतू बाबा चौहान ने किया।

# मोगली उत्सव के विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मोगली बाल उत्सव 2024 का आयोजन पेंच राष्ट्रीय उद्यान सिवनी में दिनांक 11 नवंबर 2024 से 13 नवंबर 2024 के मध्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण नियोजन समन्वयक संगठन, एप्को, पर्यावरण विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए मल्टी मीडिया पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता एवं मिशन लाइफ आधारित लघु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रथम दिवस 11 नवंबर को कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की लिखित परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें सभी वर्गों से प्रथम पांच जिलों के दो-दो प्रतिभागियों का चयन किया गया। द्वितीय दिवस को चयनित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी से पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव, पेंच राष्ट्रीय उद्यान, जलवायु परिवर्तन, ओजोन संरक्षण, मिशन लाइफ एवं प्रदूषण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर रोचक प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। तीनों वर्गों के लिए अलग-अलग क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में अलीराजपुर से श्रेयांश मिश्रा कनिष्ठ वर्ग ने जीत हासिल की। शिक्षक वर्गों के लिए समाचार पत्र प्रकाशन प्रतियोगिता रखी गई जिसमें अलीराजपुर जिला प्रथम स्थान पर रहा। श्री बद्रीलाल भटोदरा द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया एवं श्रीमती अंजू सिसोदिया क्विज मास्टर को राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका प्रदान की गई। सभी विजयी प्रतिभागियों को एप्को,भोपाल द्वारा ऊर्जा दक्ष सोलर उत्पाद जिसमें सोलर लालटेन, सोलर लैंप एवं टेबल लैंप, सोलर पैनल चार्जिंग प्रक्रिया के साथ दिए गए तथा जनजाति समुदाय द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अलीराजपुर कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने सभी विजेता बालक बालिकाओं एवं शिक्षक समूह को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया।





## नगर कांग्रेस कमेटी ने मनाया कांग्रेस नेता राधेश्याम मुवेल का जन्मदिन

विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक बढ़जात्या जैन के घर पर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी रहे और जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम मुवेल का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष रोहित पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह दरबार तोमर, जर्मन सिंह पंजाबी, अनिल गंगवाल, प्रफुल्ल चौहान, विश्वजीत सेन, सैयद रिजवान अली, मोहम्मद अयाज खान, शाहरुख मधु मुल्तानी, राजा पंजाबी, अजीत भाटिया, सुधीर सेन, अश्पाक बबलू, अंतिम सेन, ने पुष्प माला पहनाकर एवं केक काटकर सभी को स्वल्पाहार करवाया। राधेश्याम मूवेल ने कहा कार्यकर्ताओं का प्यार, लाड़, दुलार इसी तरह बना रहे एक दिन आप सब की दुआ आशीर्वाद से आगे बढ़ेंगे। आप सब सदैव कांग्रेस को मजबूत करे, राधेश्याम ने भावुक होते हुए कहा सलीम बादशाह के निधन के बाद से उनकी कमी खलती है, उनके जैसा जांबाज कांग्रेस योद्धा नहीं देखा, जानकारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक बड़जात्या ने दी।

# प्रतिभाओं को उड़ान देने में विज्ञान प्रदर्शनी, बाल मेला सहायक

## कल्याणी विद्या निकेतन में विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला आयोजित हुआ

विनय उजाला

**डही, निप्र।** श्री कल्याणी विद्या निकेतन हाईस्कूल डही में विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी और भोज्य स्टाल स्कूल के बच्चों द्वारा लगाया गया। बाल मेले का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल भाजपा अध्यक्ष मनीष भार्गव और ब्लॉक अकादमिक समन्वयक हितेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।








विद्यालय के प्राचार्य फुनिनचंद पोतसंबम की अगुवाई में मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मनीष भार्गव ने कहा कि प्रतिभाओं को उड़ान देने में विज्ञान प्रदर्शनी व बाल मेला बहुत सहायक है। यह आयोजन निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य के लिए उपयोगी है। बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि इस तरह का आयोजन सभी विद्यालयों को करना चाहिए ताकि बच्चों की प्रतिभाएं निखर सकें। बच्चों ने भोज्य स्टाल के अंतर्गत गुलाब जामुन, चाऊमीन, सैंडविच, माइक्रोनी, भेलपुरी, ब्रेड पकोड़ा, समोसा, मोमोज आदि की प्रदर्शनी लगाई। भोज्य स्टाल पर जाकर अतिथियों ने भोज्य पदार्थों को चखा और उसकी सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य फुनिनचंद पोतसंबम ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षक सुजीत खुमुकचम,अभय दीक्षित, कृति दीक्षित, पूजा सेन, केशम चौहान आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

#### इनके माडल सराहनीय रहे

जैनब बोहरा और लवीशा बघेल का सोलर पावर, इरीगेशन वर्किंग मॉडल, नैतिक गुप्ता और आफताब खान का क्लीनोमीटर ( त्रिकोणमिति के अनुप्रयोग ), राघव त्रिवेदी का हाइड्रोलिक पंप संचालित प्लेटफॉर्म, सुमित और आनंद सिसोदिया का ह्यूमन डाइजेस्टिव सिस्टम वर्किंग मॉडल, करण मौर्य और फैजान मुगल का चंद्रयान 3 वर्किंग मॉडल, ताहा बोहरा और नईम का गति के प्रकार वर्किंग मॉडल, तनवीर मकरानी का वाटर प्यूरीफिकेशन वर्किंग मॉडल, रुद्राक्ष मालवीया और इंद्रपाल बघेल का दिन और रात का वर्किंग मॉडल, जैनुल खान का अम्ल और क्षार की पहचान हल्दी के द्वारा, दर्शील गढ़वाल, मोहम्मद जुबेर और मोबिन मकरानी का नींबू और पानी (घनत्व ), पृष्ठ तनाव (छलनी द्वारा) परीक्षण नामक माडल खूब सराहे गए।

# समयावधि पत्रकों की समीक्षा बैठक आयोजित

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने जिले के सभी विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। 50 से अधिक दिवस से लंबित शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने संबंधित विभाग प्रमुखों को शिकायतें तय समय में संतुष्टि पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।



समीक्षा बैठक के दौरान 70 वर्ष से अधिक उम्र के जिलेवासियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए शासन द्वारा निर्देशित अभियान के कार्य की प्रगति पर नाराजगी जाहिर कर कहा कि जिले के सभी 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समस्त जिला पंचायत अमले,राजस्व अमले एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि प्रत्येक ग्राम वार आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने इस दौरान जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्य की प्रगति की समीक्षा कर जोबट एवं अलीराजपुर विधानसभा में और अधिक नाम जोड़ने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ई-पी अनुपात बढ़ाने के लिए भी तेज प्रयास करने होंगे। जिले मे 29 नवम्बर 2024 तक नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के नाम जुड़वाने की अपील की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर सिंह, अपर कलेक्टर प्रभारी वीरेन्द्र सिंह बघेल, अनुविभागीय अधिकारी जोबट अर्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर, अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे, सीजी गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# सुंद्रेल गांव में 250 से अधिक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण






विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** सुंद्रेल गांव में जनहित मेडिकल एसोसिएशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यहाँ बडी संख्या में लोगों व मरीजों का स्वास्थ्य उपचार कर निशुल्क रुप से जांच व परामर्श चिकित्सा की सेवा दी गई है। शिविर में कई रोगियों का उपचार नि शुल्क परीक्षण कर राहत पहुंचाई गयी है।

इंदौर से आए जनहित मेडिकल एसोसिएशन के सीईओ विकास पाटीदार ने बताया कि जनहित हमेशा आमजन के हितों का ध्यान रख रहा है। बाजार में महंगी दवाईयों की बजाए कम शुल्क में गुणवत्ता युक्त मेडिसिन डिस्काउंट रेट में उपलब्ध करा रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनहित मेडिकल की कम शुल्क में सेवाए व सुविधाए दी जा रही है। 250 लोगो निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लिया लाभ। जिसमें खाने से पहले और खाने के बाद शुगर की जांच, ब्लड प्रेसर की जांच, आँखो की जांच की गई। जिसमें शुगर और ब्लड प्रेसर के मरीजों को उचित परामर्श की जानकारी दी।

# कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने किया गौशाला का निरीक्षण, गोवंश को गुड़ एवं केले खिलाए

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने समस्त राजस्व अधिकारियों के साथ सोमकुआं स्थित गौशाला का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित गौवंश को केले एवं गुड़ खिलाया और उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखा। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित किया कि गोवंश के स्वास्थ्य की लगातार मॉनिटरिंग की जाए, आवश्यकता होने पर उपचार सुलभ किया जाए। उन्होंने गोवंश



को दिए जा रहे खाद्य पदार्थों की स्थित का भी निरीक्षण किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह बघेल, सुश्री प्रियांशी भंवर, अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे, सीजी गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर श्री जीपी अग्रवाल, सुश्री निधि मिश्रा, तहसीलदार श्रीमती सविता राठी समेत अन्य राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीएम हेल्पलाइन बनी मजाक, निराकरण की जगह खानापूर्ति

# नहरों का पानी खेतों में आने से किसान परेशान, प्रतिवर्ष होता है लाखों का नुकसान

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र। नहरों में सिंचाई के लिए छोड़ा गया पानी कुछ किसानों के लिए मुसीबत बन बैठा है। दरअसल ओंकारेश्वर परियोजना अंतर्गत धामनोद बाईपास से आगे सेमल्दा की ओर जाने वाली नहर विगत कुछ वर्षों से लीकेज हो रही है ऐसे में किसानों के खेतों में सीधे-सीधे पानी जा रहा है जिससे बोई हुई फसल का नुकसान हो रहा है।**

विगत कई वर्षों से यह परेशानी जारी है लेकिन नहर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उपरोक्त विषय में मोन है

#### पंडानिया क्षेत्र में कई किसानों की फसले खराब

कृषक धर्मेंद्र पटेल ने बताया की पंडानिया क्षेत्र में प्रतिवर्ष यह स्थिति निर्मित होती है बोई हुई फसल पूरी तरह से खराब हो जाती है गत वर्ष भी मक्का की फसल बोई थी लेकिन नहर का पानी लीकेज होने के बाद सीधे खेतों में आ गया और बोई हुई फसल को खराब कर दी इस वर्ष भी पांच बीघा में बोया डॉलर चना की फसल खराब हो गई हैं विभाग के अधिकारियों को कहते हैं तो कोई सुनवाई नहीं करते अब जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही है।



#### होता नहीं सीएम हेल्पलाइन का निराकरण

उपरोक्त विषय में सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई शिकायत का निराकरण नहीं हो पा रहा है धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि अधिकारियों की की अनदेखी के कारण किसान परेशान है गुणवत्ताहीन नहरो के कारण पानी सीधे खेतों में आ रहा है सीएम हेल्पलाइन पर करीब 1 वर्ष से पहले शिकायत की गई थी लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन का भी मजाक बना लिया है जिसका खामियाजा अब किसानों को भरना पड़ रहा है।

#### एक-दूसरे से बात करने का कहते रहे अधिकारी

उपरोक्त विषय में अधिकारी यशवंत अखारे से बात की तो उन्होंने कहा कि में मनावर कार्य क्षेत्र देखता हूं आप शुभम सोलंकी से बात कीजिए सोलंकी से चर्चा करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर नोडल चौथी बार स्टेट लेवल फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर सिरमौर बना





**इंदौर, नप्र।** IES technical University Bhopal द्वारा आयोजित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित स्पर्धाओं में शुमार स्टेट लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की प्रबल दावेदार और युवा सितारों से सुसज्जित इंदौर नोडल टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान हजारों खेल प्रेमी दर्शकों की मौजूदगी में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए। जबलपुर नोडल को सडन डेथ में (6-5 ) एवं होस्टिंग टीम भोपाल नोडल को भी पेनल्टी शूट-आउट में (6-5) के इसी अंतर से रौंदकर इतिहास रच दिया ! इंदौर नोडल टीम को चमचमाती ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट स्पोर्ट्स ऑफिसर IES के धीरेंद्र सर और उनकी पूरी टीम की मौजूदगी में प्रदान किए गए ! बेस्ट रक्षा पंक्ति का खिताब इंदौर के प्रतीक सिंह को दिया गया ! स्पर्धा में आशुतोष राजपूत एवं अश्विन नायर का प्रदर्शन सराहनीय रहा ! ये जानकारी इंदौर नोडल टीम के कोच अलंकार रायकवार ने दी। इंदौर नोडल टीम के विजेता बनने पर बीएम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की वाइस चेयरमैन डॉ.रीना राकेश शर्मा, श्री मनीष ध्वनि शर्मा सहसचिव,श्री योगेश शर्मा,मिनी मैडम सीनियर मैनेजर, जमील खान नोडल अधिकारी, मनीष, जायसवाल, धीरज वर्मा, सुखदेव बामबोरिया,गोपाल पाटीदार, विक्रम हंसारी, कपिल शाह, ने अपनी ओर से शुभकामना प्रेषित की !

### अहिल्याश्रम क्रमांक 2 में गुर्दे की बीमारी और गैर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता के लिये शिविर आयोजित



**इंदौर, (विनय उजाला)।** शासकीय पीएम श्री अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 में विद्यार्थियों में गुर्दे की बीमारी और गैर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता के लिए शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि ग्लोबल पाथ फील्ड्स संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक गौवर जोशी ट्रेनर प्रीति सागोरे,युक्ता बर्वे एवं आशीष ने मार्गदर्शन दिया। अभियान का उद्देश्य बच्चों को किडनी एवं गैर संचारी रोगों के निवारण उपायों के बारे में शिक्षित करना है। कार्यक्रम के अंत में अनुपूर्णा सिंह ने आभार माना।

### इंदौर संभाग के जोबट में वृहद स्वास्थ्य शिविर 23 को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का किया जायेगा निःशुल्क इलाज

**इंदौर, (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से पहुंचाने की मंशा को साकार रूप देने के लिये संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर इंदौर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में वृहद स्तरीय स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला के तहत इंदौर संभाग के आलीराजपुर जिले के जोबट में वृहद स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 23 नवम्बर को आयोजित होगा। इस शिविर में इंदौर के मेडिकल कॉलेजों, इससे जुड़े अस्पतालों और अन्य शासकीय तथा अशासकीय अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर में पहुंचेंगे, ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे, निःशुल्क दवाईयां देकर उनका उपचार किया जायेगा। साथ ही मरीजों की आवश्यकता के अनुसार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा विभिन्न तरह की निःशुल्क जांचें भी की जायेगी। ऐसे मरीज जो गंभीर/ जटिल बीमारी से पीड़ित है, उनका चिन्हांकन कर लगातार फॉलोअप और मॉनिटरिंग भी की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार इंदौर में उनका उपचार/ आपरेशन भी कराया जायेगा। शिविर में मरीजों के पंजीयन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी रहेगी। साथ ही पंजीयन के लिए पर्याप्त स्टॉल भी रहेंगे। चिन्हित मरीजों का वैज्ञानिक रूप से डाटाबेस तैयार कर उनकी लगातार मॉनिटरिंग और फॉलोअप किया जायेगा। इसके लिए एक विशेष पोर्टल एवं एप भी तैयार किया जा रहा है। इसमें मरीज और उनकी बीमारी तथा उसे उपलब्ध उपचार की जानकारी रहेगी। मरीजों को कैम्प तक लाने ले जाने की व्यवस्था की जायेगी।

### स्वर्गीय श्रीमती चंद्रप्रभा भागवत शिक्षिका की पगड़ी रस्म पर रु. 2100 रुपए मोक्ष निधि का समर्पण



**इंदौर, (विनय उजाला)।** स्वर्गीय श्रीमती चंद्रप्रभा भागवत शिक्षिका प्राथमिक विद्यालय समाजवाद नगर इंदौर की पगड़ी रस्म पर पति श्री अशोक कुमार भागवत एवं परिवार द्वारा सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग बालिका छात्रावास बिचोली मरदाना की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास एवं भोजन के लिए रु. 2100 की मोक्ष निधि सेवा भारती के श्री सोहनलाल परमार को प्रदान की। इस पुनीत कार्य के लिए शिक्षा विभाग पेड़ी मध्य प्रदेश इंदौर के पदाधिकारी गण, संचालक गण, स्टाफ के श्री प्रशांत महंत, श्री मनोज दुबे सहित अनेक प्राचार्य, शिक्षको, समाजजनों ने स्वर्गीय श्रीमती चंद्रप्रभा भागवत को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं भागवत परिवार को धन्यवाद दिया।

## इंदौर प्रदेश का पहला शहर और पहली नगर निगम बना, पहली बार व्हाईट टॉपिंग सड़क बनाने का काम शुरु

# मॉडल सफल होने पर सभी डामर की सड़कों को व्हाईट टॉपिंग तकनीक से करेंगे रिप्लेस : महापौर

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शहर में पहली बार डामर की सड़क के बजाय व्हाइट टापिंग सड़क बनाने का काम शुरू हो गया है। डेंटल कॉलेज चौराह से एबी रोड इसका शुभारंभ महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा किया गया है इस अवसर पर जनकार्य प्रभारी राजेन्द्र राठौर स्थानीय पार्षद श्रीमती पंखुड़ी डोसी सहित निगम के अधिकारी अभय राजनगांवकर, डी आर लोधी, राजेंद्र गरोठिया भी उपस्थित रहे। सड़क कार्य शुभारम्भ के अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि बहुत खुशी है कि प्रदेश का पहला शहर इंदौर पहली नगर निगम इंदौर बन रहा है जो प्रदेश में पहली बार व्हाईट टॉपिंग सड़क बनाने का काम शुरु कर रहे हैं व्हाईट टॉपिंग विधि से इस सड़क को बनाने के लिए दीपावली के पूर्व इसका भूमि पूजन किया गया था वहीं दीपावली के बाद सोमवार को इसका कार्य शुरू कर दिया गया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर की वह सारी सड़के जो डामर की थी जिस पर हर बार पेंच वर्क करना पड़ता था मेंटेनेंस करना पड़ता था ,यह वाला मॉडल सफल होगा तो उस आधार पर शहर की सभी डामर की सड़कों को व्हाईट टॉपिंग तकनीक से रिप्लेस करेंगे, ताकि शहर की सड़के अगले 20 से 50 साल तक मेंटेनेंस फ्री रहे. महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि देश में और मध्य प्रदेश में इंदौर रोड कंस्ट्रक्शन के मामले में लगातार नवाचार करता है,जितनी भी हमारी सड़के 10 प्रतिशत डामर की है,जो साल किसी ने किसी कारण से टूट जाती है जिसके बाद उस पर बेच वर्क करना पड़ता है, हम सभी को फेस वाइज ठीक करेंगे।





### रोड़ कंस्ट्रक्शन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा किए गए नवाचार

- मध्य प्रदेश की पहली व्हाइट टॉपिंग की सड़क इंदौर में व्हाइट टापिंग सीमेंट कांक्रीट तकनीक में मिलिंग मशीन की मदद से पुरानी डामर की सड़क की ऊपरी परत स्क्रेप कर कांक्रीट का मोटा लेप किया जाता है। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है। व्हाइट टापिंग सीमेंट कांक्रीट तकनीक में एम-40 ग्रेड सीमेंट कांक्रीट में फाइबर बुरादा भी उपयोग किया जाता है।
- साथ ही एक और टेस्ट जिसमें नई सड़क को पुरानी सड़क से मिलाने का काम नई तकनीक से किया था, जिससे सड़कों की स्ट्रेंथ बनी रहेगी, भविष्य में हमको 25 दिन तक तरी कर के सड़क मजबूती के लिए रुकना नहीं पड़ेगा,अगर आवश्यकता पड़े की आज सड़क बना कर कल उसका उपयोग करना हैं तो वो तकनीक भी हम इंदौर में ले आए है।
- मध्य प्रदेश में पहली बार नई टेक्नोलॉजी से सड़क का पेंच वर्क जो कुछ ही घंटों में सड़क पर बिना यातायात अवरुद्ध किए ही प्रयोग की जा सकती है।

# संभाग स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष स्पर्धा का शुभारंभ







विनय उजाला

**महू, निप्र।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, महू, इंदौर (मध्य प्रदेश) में संभागस्तरीय वॉलीबॉल पुरुष स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग की 6 टीमों में से 5 जिलों की टीमों द्वारा सहभागिता की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा द्वारा मुख्य अतिथि श्री निमिष अग्रवाल आईपीएस अधिकारी (डीआइजी ग्रामीण) का स्वागत किया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ धारा शेगांवकर द्वारा अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा खिलाडियों एवं दलप्रबंधक से परिचय प्राप्त किया।

ऐसे महान खिलाड़ी 2015 में ध्यानचंद अवॉर्डी (वॉलीबॉल) 1962 एशियन गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट (जकार्ता, इंडोनेशिया), भारतीय टीम के कप्तान श्री टी पद्मनाभन नायर ने भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू के समस्त प्रबंधक, स्टाफ को बधाई देते हुए प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा से आभासी चर्चा में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए नई वॉलीबॉल पीढ़ी से 1962 का रिकॉर्ड बराबरी करने तथा रिकॉर्ड तोड़ने की इच्छा व्यक्त की। ऐसे महान व्यक्तित्व से चर्चा कर महाविद्यालय परिवार अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। इस तरह की चर्चा इतिहास में पहली बार हुई। ब्रोंज मेडल विजेता 1958 भारतीय दल के सदस्य भी थे। श्री नायर भारतीय वायुसेना के पहले ऐसे सदस्य हैं, जिन्होंने दो मेडलिस्ट भारतीय टीम का हिस्सा रहे। 1958 ब्रोंज मेडलिस्ट एशियन गेम्स (सर्विसेज), 1962 जकार्ता भारतीय टीम सिल्वर मेडलिस्ट एशियन गेम्स (रेलवे) कप्तान थे। किसी भी विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में इतनी महान हस्ती का आभासी संबोधन पहली बार हुआ। इंदौर विश्वविद्यालय गौरवान्वित हुआ।

मुख्य अतिथि श्री निमिष अग्रवाल द्वारा स्पर्धा के उद्घाटन के पश्चात खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि - वॉलीबॉल एक लोकप्रिय खेल है और इसके कई फायदे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने कहा कि- नेतृत्व, टीमवर्क, सम्मान और संचार जैसे चरित्र निर्माण कौशल से लेकर स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए शारीरिक लाभ मिलता है।

अभिभाषक श्री निलेश पाटीदार अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीमवर्क और सहयोग - वॉलीबॉल एक टीम खेल है जो खिलाड़ियों के मध्य टीमवर्क और सहयोग को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर डॉ एस. के. यादव चयन समिति के अध्यक्ष, श्री दुर्गेश ठाकुर, अंशुल खत्री चयन समिति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, डॉ सुधेरा चंदेरा एवं मुख्य अंपायर श्री आशीष विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर निर्णायक, विभिन्न जिलों से पधारे दल प्रबंधक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में अधिकारी अपने-अपने विभाग की रैंकिंग में लाये सुधार- अन्यथा होगी कार्यवाही : कलेक्टर

**इंदौर, नप्र।** कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए है कि सीएम हेल्पलाईन के अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी अपने-अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार लाए। हर विभाग की रैंकिंग 40 से अधिक नहीं हो।

40 से अधिक रैंकिंग आने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण(टीएल) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल तथा श्रीमती ज्योति शर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री राजेन्द्र रघुवंशी, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सीएम हेल्पलाईन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को देखें और उसी दिन निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करें।

### बालिका लापता परिवारजन पुलिस थाने के चक्कर लगा रहे कोई सुनवाई नहीं/मुख्यमंत्री से अपील करेंगे

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पालाखेड़ी से विगत दिनों नाबालिक बालिका साक्षी पिता संतोष जाटव उम्र 14 वर्ष लापता हो गई है परिवार के लोगों ने अपने आसपास के सभी रिश्तेदारों के यहां तलाश कर लिया है लेकिन लड़की नहीं मिली इसके बाद गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है लेकिन पुलिस वाले आजकल आजकल करते रहते बहुत दिनों से लड़की के माता-पिता को पुलिस थाने के चक्कर लगवा रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है साक्षी के माता-पिता का कहना है कि कुछ लोग मेरी लड़की को ले गए हैं लेकिन पुलिस हमारी सुनने को तैयार ही नहीं है हम जाए तो कहां जाएं क्या करें कुछ समझ में नहीं आ रहा है गरीब लोगों की कोई सुनता ही नहीं है अब लड़की के माता-पिता मध्य मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से लापता लड़की को तलाश करने के लिए अपील करेंगे



**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए E-निविदाए आमंत्रित की जाती है। **निविदा क्रमांक:** SnT_RTM_W_24_16_SIGNAL **दिनांक:** 14.11.2024 **कार्य का नाम:** उज्जैन यार्ड में एमएसडीएसी प्रदान करके ट्रैक सर्किट का सुदृढीकरण के संबंध S&T सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **बोली/निविदा प्रकार और प्रणाली:** सामान्य ओपन ई-टेंडर, सिंगल पैकेट सिस्टम (IREPS पोर्टल) **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹6,16,13,542.79/- **बयाना राशि:** ₹4,58,100/- **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य **बोली पूर्व सम्मेलन:** शून्य **बोली शुरू होने की तारीख:** अंतिम तिथि से 15 दिन पहले **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 05.12.2024 समय 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** 05.12.2024 समय 15.30 बजे के बाद। **वैधता:** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 6 माह **JV अनुमति:** अनुमति नहीं है **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** डिप्टी सीएसटीई वर्क्स रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। मरेप्र (एस एण्ड टी) कार्य प. रे. रतलाम

SPAN/6/1/306

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**कार्यालय नगर परिषद कन्नौद, जिला-देवास (म.प्र.)**

ULB Code : 802249

E-mail : cmokannod@mpurban.gov.in | Contact : 07273-222111

क्रमांक/न.प./2142/कन्नौद/ | दिनांक : 18/11/2024

**:: सार्वजनिक सूचना ::**

एतद् द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत नगर के समस्त नागरिकों, व्यापारियों, दुकानदारों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को सूचित किया जाता है कि शासन के आदेशानुसार नगर में कोई भी घर, दुकान, प्रतिष्ठान एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470 Part-1, IS 2470 Part 2 के मानकों अनुसार निर्मित किया जाना आवश्यक है एवं निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त सेप्टिक टैंकों को प्रत्येक 3 वर्ष में खाली कराया जाना आवश्यक है तथा खुले में शौच व पेशाब करने पर अर्थदण्ड (स्पॉट फाईन) निम्नानुसार है :-

| क्रं. | कार्यवाही विवरण | जुर्माना राशि | |
|---|---|---|---|
| 1. | IS:2470, IS:2470 Part-1, IS 2470 Part 2 के मानकों अनुसार सेप्टिक टैंक निर्माण नहीं करने पर | 3000/- | |
| 2. | सेप्टिक टैंकों को प्रति तीन वर्ष में खाली नहीं करवाये जाने पर | 3000/- | |
| 3. | हाथ से सेप्टिक टैंक खाली करवाये जाने पर | 3000/- | |
| 4. | सुरक्षा उपकरणों के बिना सेप्टिक टैंक खाली करने पर | 3000/- | |
| 5. | सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के मानकों का उल्लंघन करते पाये जाने पर | 3000/- | |
| 6. | सेप्टिक टैंक फिकल अपशिष्ट को खुले स्थानों पर फैंकते पाये जाने पर | 3000/- | |
| क्रं. | कार्यवाही विवरण | प्रथम बार करने पर जुर्माना राशि | पुनः करने पर जुर्माना राशि |
| 1. | खुले में शौच व पेशाब करते पाये जाने पर | 50 | 100 |
| 2. | शौचालय का गंदा पानी/मल अपशिष्ट खुले में छोड़ने पर | 500 | 800 |
| | **सेप्टिक टैंक खाली करवाने हेतु उपयोग शुल्क** | | |
| क्रं. | वैक्यूम | घरेलू | व्यावसायिक |
| 1 | ट्रैक्टर चलित | 1200/- | 1200/- |

अत: उपरोक्त मानकों के अनुसार सेप्टिक टैंक निर्माण नहीं करने, तीन वर्ष में सेप्टिक टैंक खाली न करने एवं सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के मानकों का उल्लंघन करते पाये जाने पर नगर परिषद कन्नौद द्वारा नियमानुसार अर्थदण्ड एवं वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**नोट :-** सेप्टिक टैंक खाली कराने हेतु निकाय के दूरभाष नम्बर 07273-22111 पर संपर्क कर सकते है एवं सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के मानकों का उल्लंघन संबंधी शिकायत दर्ज करने हेतु 14420 हेल्पलाईन नंबर पर संपर्क कर सकते है।

**सूचना जानिये।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कन्नौद

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि./यां. संभाग क्रं.15,**

ई-1/7, नर्मदा कॉलोनी, स्कीम नं. 78, विजय नगर, इंदौर (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निविदा सूचना क्रं. 40 से 45/व.ले.लि./2024-25 | दिनांक : 14.11.2024

| सं. क्रं. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू.में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_NVDA_382291_1 | कठोरा उद्वहन सिंचाई परियोजना के स्टेज क्रं.01 पर स्थित 1250 एच.पी. मोटर नं.04 के संचालन में प्रयुक्त होने वाले 6.6 के.व्ही. एफ.सी.एम.ए. न्यूट्रल साफ्ट स्टार्टर का मरम्मत का कार्य। | रू.420000.00 (रूपये चार लाख बीस हजार) मात्र | रू.8400.00 (रू. आठ हजार चार सौ) मात्र | रू.2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत तथा विद्युत लायसेंस 'अ' श्रेणी | 21 दिन |
| 2 | 2024_NVDA_382306_1 | जोबट परियोजना, नानपुर जिला अलीराजपुर (म.प्र.) में स्थित रेडियल गेटों के मेन्यूअल ऑपरेशन सिस्टम और मैकेनिकल गॉज मीटर के रिपेयर, सर्विसिंग और रिकेडिशनिंग का कार्य। | रू.169100.00 (रूपये एक लाख उनसत्तर हजार एक सौ) मात्र | रू.3382.00 (रू. तीन हजार तीन सौ बयासी) मात्र | रू.1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत | 21 दिन |
| 3 | 2024_NVDA_382314_1 | जोबट परियोजना, नानपुर जिला अलीराजपुर (म.प्र.) में स्थित रेडियल गेट पेनल और इलेक्ट्रोमेग्नेटिक ब्रेक के सुधार कार्य। | रू.154900.00 (रूपये एक लाख चौवन हजार नौ सौ) मात्र | रू.3098.00 (रू. तीन हजार अठानवे) मात्र | रू.1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत | 21 दिन |
| 4 | 2024_NVDA_382329_1 | सरदार सरोवल परियोजना मण्डलेश्वर जिला खरगोन (म.प्र.) में स्थित गुणवत्ता नियंत्रण कार्यालय और कसरावद कॉलोनी की विद्युतीय मरम्मत और रखरखाव का कार्य। | रू.45997.00 (रूपये पैतालिस हजार नौ सौ सितानवे) मात्र | रू.920.00 (रू. नौ सौ बीस) मात्र | रू.1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत तथा विद्युत लायसेंस 'अ' श्रेणी | 21 दिन |
| 5 | 2024_NVDA_382333_1 | जोबट परियोजना में स्थित नानपुर कॉलोनी जिला अलीराजपुर (म.प्र.) में स्थित 250 वॉट एच.पी.एस.पी. लैंप फिटिंग और एल.टी. लाईन का सुधार कार्य। | रू.135556.00 (रूपये एक लाख पैतीस हजार पांच सौ छप्पन) मात्र | रू.2711.00 (रू. दो हजार सात सौ ग्यारह) मात्र | रू.1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत तथा विद्युत लायसेंस 'अ' श्रेणी | 21 दिन |
| 6 | 2024_NVDA_382341_1 | मान परियोजना जीराबाद जिला धार (म.प्र.) में स्थित रेडियल गेट की, 9 किलो वाट इंडक्शन मोटर का सुधार व रिवाईडिन्ग कार्य एवं 315 के.व्ही.ए. 33/0.44 ट्रांसफार्मर का सुधार एवं सामग्री प्रदान किये जाने का कार्य। | रू.79025.00 (रूपये उनस्सी हजार पच्चीस) मात्र | रू.1581.00 (रू. एक हजार पांच सौ इक्यासी) मात्र | रू.1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत तथा विद्युत लायसेंस 'अ' श्रेणी | 21 दिन |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 04/12/2024, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 06/12/2024, 10.30 से 06/12/2024, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 06/12/2024, 10.30 से 06/12/2024, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर अवलोकन करें।

जी-19110/24

कार्यपालन यंत्री
न.वि.वि./यां.सं.क्रं.15, इन्दौर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद पीथमपुर**

क्रं.1826/राजस्व/नामांतरण/2024 | पीथमपुर, दिनांक : 18/11/2024

**:: विज्ञप्ति ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को विज्ञप्ति के जरिये सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकों द्वारा भवन, खण्डहर (प्लाट), भूखण्ड पर रजिस्ट्री विक्रय पत्र, वंशानुक्रम, वसीयतनामा आधार पर कर संग्रहण के उद्देश्य से नामांतरण आवेदन पत्र मय दस्तावेज के उसे अपने स्वामित्व के लिए मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 कि धारा 150 के अंतर्गत नामांकरण हेतु नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार में आवेदन पत्र निकाय में प्रस्तुत किया है। अतएव इस संबंध में जिस किसी जन को प्रकरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी दिनांक से 30 दिवस की अवधि में प्रकरण में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद समयावधि प्रकरण में कोई आपत्ति मान्य/ श्रवण योग्य नहीं होगी। प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी, तथा आवेदक का नाम नियमानुसार अंकित किया जावेगा।

| क्रं. | वर्तमान स्वामी विक्रेता का नाम | क्रेता आवेदक का नाम | वार्ड क्रमांक | भवन/ भूखण्ड | मोहल्ला | प्रकरण क्रमांक | अंतरण होने के साधान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जाकिर पटेल पिता इसाक पटेल | निर्मल सैनी पिता लखमीचन्द्र सैनी | 8 | A-63-B | छत्रछाया कॉलोनी | 33/24x25 | रजिस्ट्री |
| 2 | राकेश मुकाती पिता मदनसिंह मुकाती | अंजु मुकाती पति राकेश मुकाती | 25 | 472 | मुकाती मोहल्ला | 35/24x25 | रजिस्ट्री |
| 3 | राकेश मुकाती पिता मदनसिंह मुकाती | अंजु मुकाती पति राकेश मुकाती | 25 | 476 | मुकाती मोहल्ला | 35/24x25 | रजिस्ट्री |
| 4 | स्व. संतोष पाटीदार पिता बद्रीलाल पाटीदार | रवि पाटीदार पिता स्व. संतोष पाटीदार | 24 | 169 | पाटीदार कॉलोनी | 36/24x25 | वंशानुक्रमानुसार |
| 5 | नूरजहां पति स्व. शेख मोहम्मद उमर | 1) शेख मोहम्मद खालिद, 2) हमीद रजा शेख | 26 | 213 | नूरी मोहल्ला सागोर | 37/24x25 | रजिस्ट्री |
| 6 | रेखा राजपूत पति विजय सिंह राजपूत | 1) आयुषी पति समेन्द सिंह, 2) अश्विनी पति प्रवीण सिंह | 25 | 382 | रघुवंशी मोहल्ला | 38/24x25 | रजिस्ट्री |
| 7 | जयप्रकाश शारदा पिता मन्नालाल जी शारदा | योगेश भारतीय पिता महादेव भारतीय | 24 | 636 | बस स्टैण्ड सागोर | 39/24x25 | रजिस्ट्री |
| 8 | रामबगस पटेल पिता रामगोपाल पटेल | 1) मोहन सिंह पिता मुकुंद रघुवंशी 2) मदन सिंह पिता मुकुंद रघुवंशी 3) सजन सिंह पिता मुकुंद रघुवंशी | 21 | 75 | माधोपुर कॉलोनी | 40/24x25 | रजिस्ट्री |
| 9 | प्रदीप पिंगालकर पिता जगन्नाथ पिंगालकर | सरला पिंगालकर पति प्रदीप | 23 | 516 | दशहरा मैदान सागोर | 41/24x25 | रजिस्ट्री |
| 10 | मायादेवी पति विशनदास ज्ञानानी | तसनीम पति मुरतजा अली | 7 | 367 | मनवानी कॉलोनी | 42/24x25 | रजिस्ट्री |
| 11 | राजकुमारी गौर पति अमरसिंह गौर | नीलम यादव पति श्रवण यादव | 8 | D-76 | छत्रछाया कॉलोनी | 43/24x25 | रजिस्ट्री |
| 12 | कीर्ति मिश्रा पति कमल किशोर | कमल किशोर पिता ब्रजभूषण प्रसाद | 4 | 59-A | सर्वेस्वर नगर | 44/24x25 | रजिस्ट्री |
| 13 | निकिता साहू पति आशीष साहू | 1) पंकज तिरोले पिता भागीरथ 2) भागीरथ पिता ब्रजलाल | 15 | C-57 | देवश्री कॉलोनी पीथमपुर | 45/24x25 | रजिस्ट्री |
| 14 | कीर्ति मिश्रा पति कमल किशोर | कमल किशोर पिता ब्रजभूषण प्रसाद | 4 | 59 | सर्वेस्वर नगर | 46/24x25 | रजिस्ट्री |
| 15 | प्यारेलाल मीणा पिता स्व. विजय सिंह | अंतर बाई पति नवल सिंह | 4 | AE/497 | हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी | 47/24x25 | रजिस्ट्री |
| 16 | जगदीश पाटीदार पिता गिरधारीलाल | चन्द्रकान्ता पति दिनेश कुमार सेन | 8 | B-192/A | छत्रछाया कॉलोनी | 48/24x25 | रजिस्ट्री |

(श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पीथमपुर (म.प्र.) | (श्री पप्पु असोलिया) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद पीथमपुर (म.प्र.) | (श्री सुनिल वर्मा) राजस्व समिति सभापति नगर पालिका परिषद पीथमपुर (म.प्र.) | मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पीथमपुर (म.प्र.)

# सम्पादकीय

## ह्वाइट हाउस में लौटने जा रहे ट्रंप

नतीजा वही उभरा, जिसका अनुमान पहले से था। अब डॉनल्ड ट्रंप ह्वाइट हाउस में लौटने जा रहे हैं और उसके साथ ही उनसे जड़ी रहीं तमाम अनिश्चतताओं और आशंकाओं की भी वापसी हो गई हैं। जो बाइडेन व कमला हैरिस प्रशासन ने अपने ही कई फैसलों और नीतियों से खुद अपने समर्थन आधार की जड़ें कमजोर की थी। दूसरी तरफ डॉनल्ड ट्रंप ने गुजरे चार साल में ट्रंपिज्म को ना सिर्फ जिंदा रखा, बल्कि बाइडेन प्रशासन से बढ़े असंतोष को अपने पक्ष में संगठित करने में लगातार जुटे रहे। बाइडेन- हैरिस ने ट्रंप के खिलाफ आधे-अधूरे मन से कानूनी कार्रवाइयां कीं, जिनसे पूर्व राष्ट्रपति के समर्थकों में प्रतिशोध की भावना बढ़ाई। चुनाव अभियान के दौरान दो बार हुए जानलेवा हमलों ने ट्रंप के लिए सहानुभूति और बढ़ा दी। नतीजा चुनाव में लैंडस्लाइड जैसे जनादेश के रूप में सामने आया है।इस लहर पर सवार होकर ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस (संसद) में भी निर्णायक जीत हासिल कर ली है। राज्यों के गवर्नरों के चुनाव में भी रिपब्लिकन पार्टी का पलड़ा भारी रहा। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रबंधक चुनाव नतीजों की ईमानदारी से समीक्षा करें, तो उन्हें अपनी उन बड़ी गलतियों का अहसास होगा, जिनके कारण उन्हें इतना बड़ा झटका लगा है। ऊंची उम्मीदें जगाकर सत्ता में आने के बाद वादों से मुकरना, विदेश नीति में युद्ध को प्राथमिकता बनाना, और इस भरोसे बैठे रहना कि ट्रंप के भय से लोग डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट डालने के लिए विवश बने रहेंगे, पार्टी को भारी पड़ा है। हकीकत यह है कि ट्रंपिज्म का समर्थन आधार लगातार मजबूत बना हुआ है, जो अब रिपब्लिकन पार्टी की आधिकारिक विचारधारा बन चुका है।इसका मुकाबला पुरानी मध्यमार्गी नीतियों से करने की रणनीति के सफल होने की संभावना आरंभ से ही कमजोर थी। ऊपर से बाइडेन की लगातार कमजोर होती गई मानसिक क्षमता डेमोक्रेट्स की बड़ी समस्या बन गई। इसके बीच अचानक कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाने का दांव पार्टी ने चला, मगर यह साफ होता गया कि नई उम्मीदें जगाने का हैरिस के पास कोई एजेंडा नहीं है, जबकि बाइडेन की विरासत से रहा उनका जुड़ाव उन्हें महंगी पड़ेगा- यह शुरुआत से स्पष्ट था। आखिरकार नतीजा वही उभरा, जिसका अनुमान पहले से था। अब डॉनल्ड ट्रंप ह्वाइट हाउस में लौटने जा रहे हैं और उसके साथ ही उनसे जड़ी रहीं तमाम अनिश्चतताओं और आशंकाओं की भी वापसी हो गई हैं।

### आज का इतिहास... 19 नवम्बर

## विश्व शौचालय व पुरूष दिवस मनाया जाता है

**विश्व शौचालय दिवस :** इस दिन को मनाने का उद्देश्य सभी के लिए सुरक्षित और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन वैश्विक स्वच्छता संकट को भी उजागर करता है और स्वच्छता सुविधाओं तक पहुँच की कमी के कारण होने वाली बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करता हैख।



**अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस :** इस दिन का उद्देश्य समाज में पुरुषों के सकारात्मक योगदान को उजागर करना, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और पुरुषों और लड़कों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। **शिवानी गुप्ता**

विनय उजाला

## अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त जयदीप प्रसाद के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही दो हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा फरियादी दीपक हार्डिया पिता धनिराम हर्डिया नि 2642 ई सेक्टर सुदामा नगर इंदौर आरोपी-जगदीश बरौनिया पिता किशन लाल बरौनिया पद सहायक ग्रेड प्रथम , कार्यालय कार्यपालन यंत्री ,उत्तर शहर संभाग, मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, स्कीम 54, विजय नगर इंदौर रिश्वत राशि 2000 रु. विवरण- आवेदक सोलर वेंडर है बप्पा सीताराम रिनूवल एनर्जी कंपनी में वेंडर का कार्य करता है आवेदक के कस्टमर मेघराज जायसवाल के घर सोलर प्लांट के नेट मीटर की विद्युत विभाग से स्वीकृति के लिए फाइल आगे बढ़ाने के लिए जगदीश बरौनिया द्वारा 2000रु की रिश्वत की माँग की गई इस संबंध में आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त इंदौर को शिकायत करने पर, शिकायत के सत्यापन उपरांत आज दिनांक 18/11/24 जगदीश बरौनिया को 2000 रू रिश्वत लेने पर पकड़ा गया आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा-7, के अन्तर्गत कार्यवाही जारी है।

ट्रेप दल सदस्य- छ्स्क्ष आर डी मिश्रा, निरीक्षक प्रतिभा तोमर, आदित्य भदौरिया, रहीम ख़ान, चेतन परिहार, विजय कुमार, आशीष नायडू,शिव प्रकाश पराशर की अहम भूमिका रही।

इसी के मद्देनजर हमें याद रखना चाहिए कि आस्ट्रेलिया भी हमें मौके-बेमौके आईसीसी में घेरने की फिराक में रहता है,क्योंकि क्रिकेट में हमारा प्रभुत्व उसे कभी नहीं पचता। इसलिए अगर वह भी इंग्लैंड की तरह पाकिस्तान को आयोजन का आशीर्वाद दे देता है, तो दक्षिण अफ्रीका,बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को भी उस पाले में जाने में बहुत दिक्कत नहीं होगी।

# पाकिस्तान को सबक देने के लिए चैम्पियंस ट्राफी का बायकाट सही नहीं...!

लोकमित्र गौतम



विनय उजाला




कई बार बहुत मामूली बल्कि गैर जरूरी मुद्दे भी इस कदर सुर्खियां घेर लेते हैं कि वो आपकी कूटनीतिक,राजनीतिक यहां तक कि सांस्कृतिक और सभ्यतागत परिक्षा तक लेने लगते हैं। पाकिस्तान में आगामी 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 के बीच आयोजित होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी ऐसा ही मुद्दा बन गया है। मुझे आज झारखंड और महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव मतदान को लेकर लिखना था,क्योंकि कल मतदान के पहले का अंतिम दिन होगा। लेकिन चैम्पियंस ट्राफी का यह मामूली मुद्दा अंतरार्ष्ट्रीय सुर्खियों में इस कदर भारत को कटघरे में खड़ा कर रहा है कि बिना मतलब ही हमारी ऐसी छवि बनती जा रही है जैसे कि हम हैं नहीं।

गौरतलब है कि पिछले 30 सालों में पहली बार पाकिस्तान को आईसीसी के किसी टूर्नामेंट को आयोजित करने की मेजबानी मिली है, लेकिन भारत ने गुजरे 9 नवंबर 2024 को आईसीसी को चिट्ठी लिखकर इसमें भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने से साफ़ मना कर दिया है। ऐसी स्थिति में अब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के संपन्न होने के लिए एक ही रास्ता बचता है कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत हो लेकिन पाकिस्तान इसके लिए राजी नहीं है,उसने इससे साफ़ इनकार कर दिया है। ऐसा होना स्वाभाविक है। किसी भी देश को ऐसी मांग अपनी प्रतिष्ठा के लिए ठेस महसूस हो सकती है फिर पाकिस्तान तो एक टूर्नामेंट में ऐसा कर भी चुका है। सवाल है कि अगर पाकिस्तान में न खेलने की इस जिद से चैम्पियंस ट्राफी टूर्नामेंट नहीं होता,तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा ?

निश्चित रूप से भारत पर ही इसकी तोहमत लगेगी और यह हमारे उदारवादी खेल चरित्र पर एक बड़ा सवालिया निशान होगा और बेहद पीड़ादायक भी क्योंकि वास्तव में अव्वल तो हम ऐसे हैं नहीं। दूसरी बात यह है कि विशुद्ध खेल का यह कठोर निर्णय खिलाड़ी नहीं,राजनेता ले रहे हैं। लेकिन सोचिए अगर 8 वनडे टीमों वाले इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में जाकर खेलना मंजूर कर लिया और कोई आपाकालिक व्यवस्था करके भारत की जगह आईसीसी ने इसके लिए किसी भी एक और टीम को शामिल करके,जो अभी तक आठ में नहीं है, टूर्नामेंट सम्पन्न करा ले तो क्या होगा ? क्या इससे हमारी छवि धूमिल नहीं होगी ? ध्यान रखिये चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के भारत के रवैय्ये को लेकर इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पाकिस्तान को न केवल फुल सपोर्ट का आश्वासन दे चुका है बल्कि भारत को इससे कड़ा संदेश देने की भी कोशिश की है। इसी के मद्देनजर हमें याद रखना चाहिए कि आस्ट्रेलिया भी हमें मौके-बेमौके आईसीसी में घेरने की फिराक में रहता है,क्योंकि क्रिकेट में हमारा प्रभुत्व उसे कभी नहीं पचता। इसलिए अगर वह भी इंग्लैंड की तरह पाकिस्तान को आयोजन का आशीर्वाद दे देता है,तो दक्षिण अफ्रीका,बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को भी उस पाले में जाने में बहुत दिक्कत नहीं होगी।

ऐसी स्थिति भारत के लिए बहुत खराब होगी और यह असंभव इसलिए नहीं है क्योंकि भले जय शाह आगामी 1 दिसंबर 2024 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बनने जा रहे हों, लेकिन 30 नवंबर 2024 तक तो आईसीसी के अध्यक्ष न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले ही हैं। ये वही बार्कले हैं जो न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के चेयरमैन भी रह चुके हैं। दुनिया को भड़काने वाला कदम उठाने के साथ ही हमें यह भी याद रखना चाहिए कि आईसीसी का मुख्यालय दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में है और इसके 108 सदस्य देशों में से जो 12 पूर्ण सदस्य हैं यानी जो टेस्ट मैच खेलते हैं,उनमें से अक्सर हमारा पूर्ण साथ देने वाले अभी तक श्रीलंका,बांग्लादेश और कई बार पाकिस्तान ही रहे हैं। साथ ही आईसीसी के जो 96 सहयोगी सदस्य हैं,उनकी वह पावर नहीं है कि हम उनके बहुमत से आईसीसी में सिरमौर बन सकें। ऐसे में हमें जिद का रायता फैलाने के पहले सोचना चाहिए क्या हमारी जिद हमारे खेलों की भविष्य में महाशक्ति बनने की दूरगामी अभिलाषा के अनुकूल है? वह भी तब जब पाकिस्तान हमारी सुरक्षा,सम्मान और सत्कार की गारंटी लिए हमारे आगे पीछे घूम रहा हो। मुझे लगता है ऐसे में हमारी जिद क्रिकेट के वैश्विक भविष्य के लिए और भारत की विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की छवि के लिए भी अच्छी नहीं है। चूंकि हम क्रिकेट की इकोनामी के मामले दुनिया में सबसे धनी हैं और पाकिस्तान की कोई हैसियत नहीं है,ऐसे में लोग हम पर इस बात को लेकर भी अंगुलियां उठाने और आरोप लगाने से बाज नहीं आयेंगे कि हम अपनी आर्थिक ताकत की धौंसपट्टी जमा रहे हैं।

भारत को अगर वर्तमान या भविष्य में क्रिकेट जैसे खेल का नेतृत्व करना है, तो हमें हर परिस्थिति में खेल भावना का सम्मान करना होगा। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा न लेना खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रशंसकों के लिए हानिकारक हो सकता है। यह कदम हमारे युवा खिलाड़ियों के विकास पर भी प्रभाव डाल सकता है, क्योंकि ऐसे टूर्नामेंट खिलाड़ियों को बड़े मंच पर प्रदर्शन का मौका देते हैं। अगर हम जैसे बड़े देश राजनीतिक कारणों से टूर्नामेंट में भाग नहीं लेते, तो इससे अन्य छोटे क्रिकेट खेलने वाले देशों के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित होगा। यह संभव है कि इससे क्रिकेट के वैश्विक विस्तार में बाधा आए। इस सबके साथ हमें नहीं भूलना चाहिए कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में संवाद और सहयोग की भावना मुख्य होती है। खेल और राजनीति को मिलाना न केवल लोकतांत्रिक आदर्शों के विपरीत है बल्कि यह दिखाता है कि हम एक स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्णय नहीं ले पा रहे। यह छवि भारत के लिए अनुकूल नहीं होगी।

खेल को हमेशा राजनीति और कूटनीति से अलग रखना चाहिए। अगर भारत पाकिस्तान में खेलने से इनकार करता है, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल भावना का अपमान माना जा सकता है। हालांकि, यह भी समझना जरूरी है कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सुरक्षा चिंताओं को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। लेकिन इसके लिए आज हम इस पोजीशन में हैं कि पाकिस्तान से जैसी चाहे बारगेनिंग कर सकते हैं,यहां तक कि हम उसके साथ मिलकर टूर्नामेंट में सुरक्षा का जिम्मा भी अपने हाथ में ले सकते हैं या इसके साझेदार बन सकते हैं। चैम्पियंस ट्राफी के लाईट मार्च का रूट हमने अपनी ताकत की बदौलत बदलवा दिया है।

इस समय पाकिस्तान में खेलकर हम पाकिस्तान की अवाम को मित्र से ज्यादा अपने होने का संदेश दे सकते हैं। यह स्थित हमारे कूटनीतिक चैनल 2 के लिए भी बहुत काम आयेगी। क्योंकि इससे हमारी पाकिस्तानी अवाम के बीच बहुत अच्छी छवि बनेगी जो सरकार के स्तर पर पाकिस्तान में भारत के विरोध को शिथिल करेगी।

सबसे बड़ी और अंतिम बात जो हमारे फेवर में जाती है वह यह है कि पाकिस्तान वर्तमान में चैम्पियंस ट्राफी का विजेता है, उसने यह ट्राफी हमें हराकर ही जीती थी,ऐसे हम अगर पाकिस्तान से चैम्पियंस ट्राफी जीतकर लौटते हैं तो यह हमारी खेल भावनाओं का ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की भी छाती चौड़ी करेगा। इसलिए हमें चैम्पियंस ट्राफी का बायकाट नहीं करना चाहिए पाकिस्तान को सबक सिखाने के बहुत से दूसरे तरीके हैं । अत: हमें अपने इस निर्णय में संतुलन बनाना होगा। और खेल तथा राजनीति को जितना संभव हो, अलग रखना ही सही खेल भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना होगा ।

**[ लेखक विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में वरिष्ठ संपादक हैं ]**

# युवा लड़कियों को खूब भाते हैं फ्रूट प्रिंट्स...!

संध्या सिंह

फ्रूट प्रिंट्स अब एक ऑल-सीज़न ट्रेंड बन चुके हैं। किशोरियों और युवतियों के बीच यह ट्रेंड लगातार लोकप्रिय हो रहा है। वास्तव में फ्रूट प्रिंट्स में जो ताजगी और रंगीनियत होती है, वह उन्हें न सिर्फ गर्मियों बल्कि सर्दियों के लिए भी आकर्षक बनाती है। क्योंकि ये प्रिंट्स एक मज़ेदार और चुलबुले अंदाज़ को दर्शाते हैं, जो यंग गर्ल्स को अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से खूब भाते हैं। लेकिन फ्रूट प्रिंट्स कैरी करने के लिए स्मार्ट सेंस होनी भी जरूरी है। क्योंकि आजकल आप फ्रूट प्रिंट्स में वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल तक जो भी ड्रेस चाहे खरीद सकती हैं।

### सर्दियों के लिए कुछ फ्रूट प्रिंट्स ऑप्शन हैं-

फ्रूट प्रिंटेड स्वेटर- आम, अनानास या चेरी प्रिंट्स के स्वेटर या पुलओवर जो विंटर्स में वाइब्रेंट और युथफुल लगते हैं।

फ्रूट थीम्ड जैकेट्स- नींबू, संतरा या स्ट्रॉबेरी प्रिंट वाली लेडीज जैकेट्स या डेनिम जैकेट्स एक अनोखा और फ्रेश लुक देती हैं।

फ्रूट प्रिंटेड स्कार्फ और शॉल्स- ये छोटे एक्सेसरीज़ ठंड से बचाने के साथ-साथ एक रंगीन टच भी देते हैं। पपीता, केले या अंगूर के प्रिंट्स के स्कार्फ इन दिनों खासे लोकप्रिय हैं।

फ्रूट पैटर्न वाले ब्लेज़र्स- सर्दियों में कुछ फैशनेबल दिखने के लिए ब्लैक या डार्क कलर के बेस के साथ बनाना या ग्रेप प्रिंट ब्लेज़र काफी यूनिक लगते हैं। इन्हें लड़कियों के साथ लड़के भी पहन सकते हैं।

मफलर और हेडबैंड्स- फलों की थीम पर आधारित मफलर और हेडबैंड्स सर्दियों में स्टाइलिश लगते हैं और इन्हें कैरी करना भी आसान है।

### कूल लुक-कंफर्टेबल

फ्रूट प्रिंट न सिर्फ आपको कूल लुक देंगे, बल्कि कंफर्टेबल भी देंगे।



अगर आपको हैवी वर्क वाली ड्रेसेस या बहुत डार्क कलर अच्छे नहीं लगते, तो ये प्रिंट्स आपको डिफरेंट लुक देंगे। इसलिए अगर आप फ्रूट प्रिंट वाली ड्रेसेज खरीदने की प्लैनिंग कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें। जानें इन्हें कैसे पहनें।

फ्रूट प्रिंट वाली टी शर्ट को लूज पैंट्स या पजामा के साथ पहनें। अगर टी-शर्ट या टॉप पर फ्रूट प्रिंट हैं तो साथ में प्लेन स्कर्ट या सिंपल पैंट ही पहनें।

ट्यूनिक ड्रेस में छोटे फ्रूट प्रिंट्स अच्छे लगेंगे। इन दिनों ड्रेस व लांग गाउन ड्रेस में कॉटन या जॉर्जेट पर छोटे प्रिंट का चलन है। पार्टी वेयर गाउन में इस प्रिंट का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, केवल कैजुअल वेयर में ही यह चल रहा है।

हैंड बैग्स, क्लच, पर्स, स्लिंग बैग्स में फ्लोरेसेंट कलर के फ्रूट प्रिंट्स ट्रेंड में हैं। अगर 'ट्रिप पर जा रही हैं तो फंकी फ्रूट प्रिंट पैंटर्न के स्लिंग बैग्स कैरी करें। फ्रूट शेप के बैग भी इन दिनों ट्रेंड कर रहे हैं।'

कॉलेज गोइंग लड़कियों को फ्रूट शेप ज्यूलरी खूब भा रही है। इन दिनों फैब्रिक मटीरियल ज्यूलरी ट्रेंड में है। फ्रूट प्रिंट की फंकी ज्यूलरी बहुत आकर्षक लगती है। युवा लड़कियां इन्हें खूब पसंद कर रही हैं। ब्रेसलेट में भी फ्रूट शेप के स्टोंस लोगों को भा रहे हैं।

### फ्रूट प्रिंट्स वाले फुटवेयर

इन दिनों फुटवेयर में भी फ्रूट प्रिंट चल रहे हैं। चेरी, स्ट्रॉबेरी जैसे रंगबिरंगे डिजाइंस लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। हील्स, फ्लैट्स, रेन बूट्स, सैंडल्स और स्पोर्ट शू में मिक्स फ्रूट प्रिंट और ऑर्नामेंट्स का प्रयोग कर उन्हें अलग अंदाज दिया जा सकता है, लेकिन इन्हें पहनने से पहले अपने आउटफिट्स के साथ इनके तालमेल पर भी जरूर ध्यान दें। फ्रूट प्रिंट के फुटवेयर्स के साथ फंकी ज्यूलरी सूट करती है मगर फ्रूट प्रिंट के आउटफिट्स के साथ फुटवेयर और हैंडबैग सिंपल रहना चाहिए। आउटफिट्स प्लेन है तो एक्सेसरीज फ्रूट प्रिंट्स वाली ले सकते हैं।

### ये टिप्स बनाएंगे आपको स्मार्ट

ओवर वेट हों तो बड़े प्रिंट्स की बजाय छोटे प्रिंट्स की ड्रेस लें।

फॉर्मल ड्रेस में फ्रूट प्रिंट्स बिल्कुल न पहनें, इससे आपकी प्रोफेशनल इमेज बिगड़ सकती है।

टीनएजर दोस्तों के साथ हैंगआउट पर ऐसे प्रिंट्स पहने जा सकते हैं। ट्रैवलिंग या बीच डेस्टिनेशंस पर ये प्रिंट्स सर्वाधिक लोकप्रिय हैं।

जब सर्दियों में फ्रूट प्रिंट्स पहनें तो इन्हें सर्दियों के फैब्रिक जैसे वूल, फ्लीस या कॉटन-ब्लेंड्स में चुनें ताकि वे मौसम के अनुकूल हों और आपको गर्म भी रखें।

विनय उजाला

# बच्चों में निहित सृजनात्मकता को नए आयाम देते हुए संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता संपन्न

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर इंदौर में संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा विद्यार्थियों में छिपी वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिवर्ष बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत साहित्यिक, सांस्कृतिक, संस्कृत, उर्दू, निःशक्त बच्चों की प्रतियोगिता, एवं योग प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं गायन, वादन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, लोकगीत कव्वाली संस्कृत नृत्य नाटिका गायन, निबंध लेखन, वाद विवाद, भाषण, स्वरचित काव्य पाठ पाठ्य पुस्तक आधारित काव्य पाठ, लिपि लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था




प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना की निर्देशन में संस्था प्रभारी प्राचार्य श्रीमती नमिता भोपालकर ,शासकीय हाई स्कूल बनेडिया प्राचार्य डॉक्टर संगीता विनायका एवं प्रतियोगिताओं के निर्णायको द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक रश्मि स्थापक, जगदीश जोशी, हेमंत पटेल, गार्गी अग्रवाल, रुखसाना बी, वंदना दुबे, कैलाश चंद पांजरे, हर्षिता सिंह, करिश्मा मटकर, कल्पना माने रही। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के खंडवा, खरगोन, धार, बुरहानपुर, इंदौर जिलों के जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में इंदौर, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, धार के प्रतिभागी चयनित हुए। आगामी 20 दिसंबर को राज्य स्तर पर होने वाली बाल रंग प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागी सहभागिता करेंगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का संचालन कल्पना जैन एवं अनीता पांडे द्वारा किया गया। साहित्यिक प्रतियोगिताओं का संचालन कल्पना अग्निहोत्री द्वारा एवं संस्कृत प्रतियोगिताओं का संचालन सुमंत शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम सहयोगी सुनील कैथवास सुधीर तारे सुरभि डोडवे, पूनम ठाकुर रहीं।

# "ओमेक्स लिमिटेड ने बाली अवार्ड्स में मध्य प्रदेश के शीर्ष 14 रियलटर्स को सम्मानित किया"

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** ओमेक्स लिमिटेड, एक अग्रणी भारतीय रियल एस्टेट डेवलपर, ने हाल ही में बाली, इंडोनेशिया में एक शानदार पुरस्कार समारोह आयोजित किया, जिसमें मध्य प्रदेश के अपने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले रियलटर्स को सम्मानित किया गया। इस शानदार कार्यक्रम में 1,000 सहयोगियों के नेटवर्क में से चुने गए 40 असाधारण रियलटर्स को उनकी रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया।




प्रशंसा के प्रतीक के रूप में, इन विशिष्ट रियलटर्स ने 5-दिवसीय शानदार बाली टूर का आनंद लिया, जिसमें शामिल थे: - रोमांचकारी वाटर स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लुभावने दर्शनीय स्थलों का अनुभव।

ओमैक्स लिमिटेड के प्रेसीडेंट एवं बिजनेस हेड श्री विनीत शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारे शीर्ष 40 रियलटर्स ने अपने अथक प्रयासों और समर्पण के माध्यम से उद्योग के मानकों को फिर से परिभाषित किया है। सेल्स में उल्लेखनीय प्रदर्शन एवं ग्राहक-संतुष्टी हमारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका यह सम्मान एवं कड़ी मेहनत हमारे लिए अभिमान है और हमारी चल रही साझेदारी का प्रमाण है।'

ओमैक्स लिमिटेड की नेतृत्व टीम, जिसमें शामिल हैं: श्री रोहतास गोयल, चेयरमेन, श्री मोहित गोयल, मेनेजिंग डायरेक्टर, श्री जतिन गोयल, एग्जीक्टिव डायरेक्टर, श्री विनीत शर्मा, प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड, श्री प्रवीण वर्मा, सेल्स एवं मार्केटिंग हेड, जिन्होंने कंपनी के विकास को आगे बढ़ाने और 12,000 से अधिक संतुष्ट ग्राहकों के लिए धन-सम्पदा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस गति को आगे बढ़ाते हुए, ओमेक्स लिमिटेड ने मई 2025 में अपने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले रियलटर्स को एक और विदेश यात्रा के साथ पुरस्कृत करने की योजना की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य है:

- रियलटर्स की सीमाओं को आगे बढ़ाने और नए मील के पत्थर हासिल करने के लिए प्रेरित करना
- असाधारण सेवा के माध्यम से ग्राहकों के लिए उच्चतम संतुष्टि स्तर सुनिश्चित करना
- साझेदारी को मजबूत करना और व्यवसाय विकास को बढ़ावा देना

श्री प्रवीण वर्मा सेल्स एवं मर्केटिंग हेड ने कहा कि 'हमारे रियलटर्स हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं, 'उनके प्रयासों को मान्यता देकर और पुरस्कृत करके, हम उत्कृष्टता और ग्राहक प्रसन्नता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।'

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनर संघ का स्नेह सम्मेलन यादव धर्मशाला में हुआ संपन्न, आसपास जिले के पेंशनर लोग भी हुए शामिल





**बड़वानी, निप्र।** दिनांक 17 नवंबर 24 रविवार को विद्युत् मंडल पेंशनर एसोसिएशन बड़वानी का 7 वां स्नेह सम्मेलन का आयोजन यादव समाज धर्मशाला नवलपुरा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय मुहासे साहब पूर्व कार्यपालक निदेशक इंदौर,विशेष अतिथि सीताराम बमनके सा मुख्यभियंता इंदौर,श्री जे आर कनखरे साहब पूर्व अधीक्षण यंत्री, दधीचि रेवड़िया सा अधीक्षण बड़वानी। पेंशनर एसोसिएशन इंदौर से पी एल मकवाना जी, आर सी सोमानी साहब, के के तिवारी जी, लक्ष्मण सिंह जी, जे के तिवारी जी,श्री सुमनसिंह जी इंदौर हाईकोर्ट अधिवक्ता के सी यादव जी तथा इंदौर की शाखाओ के जिला अध्यक्ष व उनकी टीम खरगोन, धार, खंडवा, बुरहानपुर, देवास, उज्जैन, रतलाम, के पदाधिकरी तथा विद्युत् मंडल बड़वानी जिले के पेंशनर तथा महिला पेंशनर सदस्य लगभग 400 पेंशनरों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम 11 बजे प्रारम्भ मां सरस्वती वंदना पूजन व राष्ट्र गीत से हुआ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया मंच पर 70 वर्ष 75 वर्ष 80 वर्ष के वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान किया गया सभी मंचासीन अतिथियों ने सम्बोधित किया पेंशनर व उनकी समस्या पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन जिला बड़वानी के अध्यक्ष विजय जैन,रमेश रावत जी मोहनलाल पाटिल, सूर्यवंशी जी, रामलाल खेड़े जी, कैलाश कुमरावत जी व उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अनूप जोशी जी ने की तथा संचालन सीताराम यादव ने किया अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सबको सहभोज करवा कर विदाई दी गयी।

### सहिष्णुता भारत की पहचान है, शक्ति है भारतीय ज्ञान परम्परा और जीवन शैली में सदियों से विद्यमान है सहिष्णुता की भावना



**बड़वानी, निप्र।** प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अभिकरण यूनेस्को [संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन- यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन] ने वर्ष 1996 में इसकी शुरुआत की ।लेकिन भारतीय ज्ञान परम्परा और जीवन शैली में सहिष्णुता की भावना सदियों से विद्यमान है। वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा के अंतर्गत सम्पूर्ण वसुधा यानी धरती को एक परिवार की तरह मानते हुए भाईचारे के साथ सह-अस्तित्व को मान्यता दी गई ।सर्वे भवन्तु सुखिन: की प्रार्थना भी इसी भावभूमि को दर्शाती है। यहाँ अहिंसा को सर्वोच्च धर्म माना गया यह भारत की पहचान है ।भारत की शक्ति है। इसी कारण भारत में विविधता में एकता का अनूठापन दिखाई देता है। हम सभी अपनी इस विरासत के उत्तराधिकारी के तौर पर इस भाव को अक्षुण्ण बनाये रखने और इसे अधिक सशक्त करने में योगदान दें ।ये बातें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित परिचर्चा में आज डॉ. मधुसूदन चौबे ने विद्यार्थियों से कहीं ।डॉ. चौबे ने अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के आयोजन के उद्देश्य और महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के मार्गदर्शन में किया गया ।आयोजन में सहयोग प्रीति गुलवानिया,वर्षा मुजाल्दे,नागर सिंह डावर,और कन्हैया लाल फूलमाली ने किया।

### भगवानपुरा पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी करने वाले को पकड़ा



**खरगोन, निप्र।** भगवानपुरा पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी करने वाले को गोपालपुरा सस्तिया फाल्या पीपलझोपा रोड़ के पास से पकड़ा, जिसने अपना नाम वेलसिंग सस्तिया फाल्या ग्राम गोपालपुरा का होना बताया। भगवानपुरा पुलिस ने आरोपी वेलसिंग को गिरफ्तार कर उसके पास से 67,600/-रुपये मुल्य का 06 किलो 760 ग्राम वजनी अवैध गांजे के साथ साथ आरोपी के खेत में लगा लगभग 1,00,000/- रुपये मुल्य का 20 किलो वजनी गांजा भी सुपूर्दगी में लेकर आरोपी वेलसिंग के विरुद्ध भगवानपुरा थाने में अपराध क्रमांक 378/2024 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द किया गया। पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के द्वारा प्रकरण मे पुलिस टीम को 5000/- रुपये के इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। कार्रवाई में अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव राकेश आर्य भगवानपुरा थाना प्रभारी कैलाश चौहान , सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल ब्राह्मने, सहायक उपनिरीक्षक मुकेश कुमरावत, प्रआर भगवान बरडे , प्रआर जालमसिंह मुवेल, आर रोहित पटेल, आर हीरालाल धनगर, आर आशाराम आर्य, आर मोनू कछावे, आर प्रकाश सोलंकी, मआर अर्चना खरते और आर वीरेश सापलिया भी शामिल रहे।

# 31वें निमाड़ उत्सव का हुआ समापन

## देर रात कवियों ने गीत व कविताओं से श्रोताओं को खूब रिझाया, निमाड़ के काठी व डिंडोरी के कलाकारों ने गुदुमबाजा नृत्य से बिखेरी समां

### प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया पुरुस्कृत

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। लोकमाता अहिल्या बाई की 300वी जन्म जयंती पर तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव का 17 नवम्बर को समापन किया गया। तीन दिनी निमाड़ उत्सव के दौरान पुण्य सलिला मां नर्मदा किनारे बसा प्राचीन पर्यटन स्थल महेश्वर में रानी अहिल्याबाई होल्कर का किला रंग बिरंगी लाइटों से बेहद खूबसूरत और आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।**





आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल व जिला प्रशासन खरगोन द्वारा आयोजित निमाड़ उत्सव की अंतिम रात कवियों के नाम रही। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में तीन दिनी निमाड़ उत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध प्रकार की खेल विधाओं का आयोजन किया गया। वहीं सांय काल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए। निमाड़ उत्सव के समापन अवसर पर काठी नृत्य की प्रस्तुति हरसूद के रामदास साकल्ले एवं साथियों द्वारा एवं गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति डिण्डोरी के लेखपाल धुर्वे एवं उनके साथियों द्वारा दी गई। इसके पश्चात मेरठ, दिल्ली सहित प्रदेश के अन्य जिलों से पधारे नामचीन कवियों में मेरठ के हरिओम पंवार, इंदौर के मुकेश भोलवा, दिल्ली के



शंभु शिखर, इंदौर के श्याम सुंदर पलोड, खण्डवा के डॉ. श्रीराम परिहार, महेश्वर के विजेय शितांशु, हरिश दुबे, विष्णु फागना, गोगावां के जगदीश जोशिला, पंधाना के विरेन्द्र चौरे, सनावद के दीपक पगारे, खरगोन के नरेन्द्र जोशी, खलघाट के विजय शर्मा ने गीत व कविताओं से श्रोताओं को खूब रिझाया। निमाड़ उत्सव के समापन अवसर पर तीन दिनों तक आयोजित हुई कबड्डी, नोका सज्जा, कुश्ती, रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अलका गजराज यादव, जनपद अध्यक्ष अशोक डावर ने प्रशस्ति पत्र व नगद राशि से पुरुस्कृत किया गया।

### ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हितग्राहियों को किया खाद्यान्न पात्रता पर्ची का वितरण

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में असंगठित व प्रवासी श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसके परिपालन में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत 4486 सदस्यों को चिन्हित किया गया था। मुख्य नगरपालिका अधिकारी एमआर निगवाल ने बताया कि 4486 सदस्यों के 1262 परिवारों द्वारा आवेदन निकाय कार्यालय में प्रस्तुत किये गये थे। निकाय में प्राप्त आवेदनो के सत्यापन उपरांत 855 खाद्यान्न प्रात्रता पर्ची जारी की जा चुकी है। जिनका वितरण नपा कार्यालय से किया जा रहा है। हितग्राही पात्रता पर्ची प्राप्त करने के लिए निकाय कार्यालय में खाद्य शाखा प्रभारी शिवभानुसिंह सोलंकी से संपर्क कर अपनी पात्रता पर्ची प्राप्त कर सकते हैं।



### उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** मप्र शासन की नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों एवं शासकीय हाई स्कूल में अध्ययनत छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया जा रहा है।

खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने देवी अहिल्या शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 के छात्र-छात्राओं को साईकिल का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य व समस्त स्टॉफ उपस्थित था। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए नि:शुल्क साईकिल वितरण की योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ पात्र छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने में सहूलियत होगी और उनका समय भी बचेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और जिले का नाम रोशन करें।

### डाक विभाग में डायरेक्ट एजेंट चयन के लिए 29 को साक्षात्कार

**खरगोन, निप्र।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रचार-प्रसार के लिए खरगोन एवं बड़वानी जिले से डायरेक्ट एजेंट का चयन किया जा रहा है। इसके लिए साक्षात्कार का आयोजन डाक विभाग के संभागीय कार्यालय खण्डवा द्वारा किया जा रहा है। डायरेक्ट एजेंट चयन के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। प्रवर अधीक्षक डाकघर संभाग खण्डवा द्वारा बताया गया है कि डायरेक्ट एजेंट चयन के लिए 29 नवंबर को प्रात: 11 बजे से प्रधान डाकघर खरगोन पोस्ट ऑफिस चौराहा खरगोन में साक्षात्कार लिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए और उसे 10वीं कक्षा उत्तीर्ण या समकक्ष परीक्षा राज्य या केन्द्रीय बोर्ड से उत्तीर्ण होना चाहिए।

### राजभवन चेन्नई, तमिलनाडू में विजय पाटिल सम्मानित

विनय उजाला

**सेंधवा, निप्र।** दिनांक 16 नव. से 17नवं. में राजभवन चेन्नई तमिलनाडू तथा टी.सी.आर.सी पलक्कड़, चेन्नई हिंदी प्रचारक संघ एवम डी.ए.वी कॉलेज अज़मेर के संयुक्त तत्वावधान में मल्टी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

सेमिनार में संत तिरुवल्लुवर कबीरदास एवम योगी वेमना पर विभिन्न भाषाओं में शोध आलेख पत्र प्रस्तुत किए गए ।जिसमे भारत के विभिन्न राज्यों एवम विदेश से भी विद्वतजन,शोधार्थी, शिक्षक, साहित्यकार उपस्थित हुए ।सेंधवा जिला बड़वानी मप्र के वरिष्ठ शिक्षक विजय पाटिल द्वारा संत तिरुवल्लुवरसाहित्य,सामाजिक और आध्यात्म दर्शन पर शोध आलेख पत्र प्रस्तुत किया गया ।श्री पाटिल को उनके शोध आलेख पत्र पर राजभवन तमिलनाडू में प्रशस्ति पत्र एवम स्मृति चिन्ह भेंट



कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल महोदय थिरु. आर.एन. रवि जी रहें। विशेष अतिथि प्रो.एन. लक्ष्मी अय्यर, के.टी मुरुगेशन, प्रो. संजय अरोरा, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा थे। अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में हिंदी, तमिल, कन्नड, अंग्रेजी, मराठी भाषा में 100 से भी अधिक विद्वतजनों द्वारा अपने शोध आलेख की प्रस्तुति दी गई। श्री पाटिल को सम्मानित किए जाने पर उमावि गवाडी प्राचार्य एस.एस राणा, पी.सी शर्मा बीइओ, निवाली, लक्ष्मण जोशी, समसु मंसूरी अजय सोनी, दिलीप बी पाटिल, कैलाश चौधरी, कुनबी पाटिल समाज जिला बड़वानी, विपिन कुमार महासचिव विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली, डॉ. कविता प्रसाद, डॉ. सीताराम आठिया, द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

### मध्यस्थता से दोनों पक्षों की जीत होती है : न्यायधीश चौधरी

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के सचिव सुजीत कुमार सिंह के निर्देश में जिला न्यायलय में मिडिएशन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर को संबोधित करते हुए द्वितीय जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी ने कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया की आवश्यक जानकारी आमजन को होना बहुत आवश्यक है मध्यस्थ्ता की जानकारी पक्षकारों को होने से उनके मामलों को मीडिएशन के माध्यम से प्रकरण का निपटारा होने से पक्षकार धन के अपव्यय एवं समय की बचत कर सकते है एवं पारिवारिक विवादों में आपसी मतभेद को भुलकर साथ रहकर प्रसन्न जीवन व्यतीत कर सकते है। मध्यस्थता में दोनो पक्षों में आपसी समझौते के माध्यम से सुलभ न्याय सरलता से मिलता है, जिससे विवादों के निपटारे से शांति, भाईचारा, सौहार्द की भावना कायम रहती है। न्याय रक्षक रूपेश शर्मा द्वारा बताया गया कि मध्यस्थता की प्रक्रिया एक गोपनीय और सुलभ प्रक्रिया है जो पक्षकार सुलह समझाईश के माध्यम से अपने प्रकरण का निपटारा करवाना चाहते है। वे अपने प्रकरण को मीडिएशन में रेफर करवा सकते है अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सीधे संपर्क कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन न्याय रक्षक सुश्री निशा कौशल ने किया इस अवसर पर अधिकार मित्र दुर्गेश राजदीप जोजु मुरियादं सहित पक्षकार उपस्थित थे।

### 178 पंचों के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

**खरगोन निप्र।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। खरगोन जिले में 05 जनपद पंचायतों के अंतर्गत 178 पंचों के पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। पंच के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए 18 नवंबर को प्रात: 10 :30 बजे सूचना का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही स्थानों के आरक्षण एवं मतदान केन्द्रों की सूचना का प्रकाशन भी कर दिया गया है। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नाम निर्देशन पत्र जमा करना प्रारंभ हो गया है।

### पीएम श्री एकलव्य विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में पीएम श्री एकलव्य आदर्श विद्यालय खरगोन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती प्रवीन दहिया का अमूल्य योगदान रहा। इस कार्यक्रम के प्रभारी अमित जायसवाल रहे।




## जिम्मेदार प्रभारियों ने इस संबंध में बोलने से साफ मना कर दिया

# मनमर्जी के समय खुलते बंद होते शासकीय विद्यालय, आखिर शिक्षा विभाग क्यों नहीं कर रहा कार्यवाही

राजू बैरागी

**नरसिंहगढ़। ब्लॉक के पिपलिया रसोड़ा संकुल के कड़िया चौरासिया ग्राम के शासकीय प्राथमिक विद्यालय की जहां 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन होना था जो कि विद्यालय में आयोजित ही नहीं हुआ और दोपहर 3:30 बजे ही बच्चों की छुट्टी कर मास्साब गायब हो गए।**

मीडिया टीम ज़ब विद्यालय पहुंची तब वहां कोई शिक्षक उपस्थित नहीं मिले विद्यालय को भगवान भरोसे छोड़कर शिक्षक एक टेबल अडाकर चैनल गेट खुला छोड़कर विद्यालय से लापता हो गये। इसी तरह इसी ग्राम में स्थित शासकीय माध्यमिक विधालय के स्टॉफ की बात करें वह तो प्राथमिक विद्यालय से भी आगे निकल गये यहाँ बाल दिवस तो मनाया गया पर इसके बाद सारा स्टॉफ दोपहर 3:30 बजे ही विद्यालय में ताला लगाकर विद्यालय से जा चुके थे। हमारी टीम दोबारा उक्त विद्यालयों की स्थिति के बारे जानने पहुंची तो संबंधित विधालय के जिम्मेदार प्रभारियों ने इस संबंध में कैमरे पर बोलने से साफ मना कर दिया। इसी विषय पर संकुल केंद्र पिपलिया रसोड़ा पर संकुल प्रभारी राधेश्याम जी विजयवर्गीय को संबंधित विद्यालयों की तथ्यों सहित जानकारी दी तो वे भी कैमरे पर बात करने से बचते दिखे और उक्त विद्यालयों के स्टॉफ पर कार्यवाही हेतु संतुष्टि पूर्ण उत्तर नही दे पाये और जाँच की बात कहकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली इसके बाद फोन पर नरसिंहगढ ड्डह्रूष्ठ सुरेन्द्र भदौरिया जी से इस गंभीर विषय पर बात की गई तो




उनका कहना था कि इस संबंध में प्रथम जिम्मेदारी संबंधित संकुल प्रभारी की बनती हैं फिर भी उन्होंने नोटिस जारी करने की बात कही है देखने में यह आ रहा है कि इस तरह कि गंभीर घटनाओ पर विभाग में भी केवल नोटिस नोटिस का खेल चलता रहता हैं कोई कड़ी कार्यवाही नहीं होती इसी कारण व्यवस्थाएं सुधरने का नाम ही नही ले रही हैं। बड़ी बात यह है कि वर्तमान सरकार गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने के लिए लगातार काम कर रही है बच्चों को ड्रेस, भोजन, साईकल,किताबें सब उपलब्ध करवा रही है जिससे गरीब मजदूर, एससी, एसटी वर्ग के बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता सुधरे और उनके बच्चे भी पढ़ लिख कर आगे आकर अपनी प्रतिभा एवं क्षमताओं के अनुसार अनुसार रोजगार प्राप्त कर अपने परिवारों को मजबूत कर सके पर यह सब तो तब होगा न ज़ब विद्यालय समय पर खुले एवं बंद हो तभी तो बच्चे आकर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे परन्तु लगता है यह सबकुछ बेकार साबित हो रहा है शासन इस तरह के लाख प्रयास कर ले किन्तु सिस्टम में बैठे लोग ज़ब तक नही चाहेंगे तब तक यह स्तिथि ठीक नही हो पायेगी ज़ब तक सिस्टम में बैठे इस तरह के गैर जिम्मेदार शिक्षको पर कार्यवाही नही होगी तब तक शासन की गरीबो, पिछडो, मजदूरों के बच्चों के लिये चलने वाली कोई योजना साकार नही हो सकती इसमें विचारणीय प्रश्न यह है कि वर्तमान में शासकीय सेवा में कितने ऐसे शिक्षक होंगे जिनके स्वयं के बच्चे शासकीय विद्यालयों में पढ़ रहे हैं उत्तर है अधिकतम के नही क्योंकि उनको भी शासकीय विद्यालयों की वास्तविकता की ठीक ठीक जानकारी है इसलिए स्वयं के बच्चों को प्राइवेट विद्यालयों में ही पढ़ाते हैं और गरीबो मजदूरों के बच्चे तो शासकीय विद्यालयों में पढ़ने को मजबूर ही होते हैं जिन्हे महंगी फीस के कारण प्राइवेट स्कूल में एडमिशन ही नही मिल पाता इसी कारण बच्चों का भी पढ़ाई से मोहभंग होता जा रहा हैं जिस कारण गाँवो में स्थित विद्यालयों में बच्चों की संख्या लगातार घटती जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष ग्राम कॉलेज में फामेर्सी विद्यार्थियों के लिए हुआ इंडक्शन



**रतलाम, निप्र।** आयुष ग्राम कॉलेज ऑफ फामेर्सी में नव प्रवेशित डी.फार्मा एवं बी.फार्मा प्रथम वर्ष विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ. अभिजीत देशमुख ने वीडियो कॉल के माध्यम से नवीन प्रवेशित छात्रों की जानकारी ली तथा उन्हें मार्गदर्शित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्था निर्देशक नीरज त्रिवेदी, आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप नलगे, फामेर्सी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिलिन गांधी, संस्था के अशोक वर्मा, जयंत शर्मा मंचासीन थे। अतिथियों का स्वागत प्रो. नागेश्वर मालवीय, प्रो. महिमा उपाध्याय ने किया। फामेर्सी प्राचार्य डॉ. मिलिन गांधी ने सफल विद्यार्थी के जीवन में उपयोगी बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कहा कि किसी कार्य को निरंतर करने से ही सफलता मिलती है। उन्होंने फामेर्सी में उपलब्ध रोजगार के बारे में जानकारी दी। नीरज त्रिवेदी ने कहा सफल होने के लिए सार्थक प्रयासों की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। सीखने के लिए हम किसी से भी सीख सकते है, पशु, पक्षी या प्रकृति से भी। प्राचार्य डॉ. दिलीप नलगे ने जीवन को दीपक की तरह बनाने के लिए कहा। अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। संचालन प्रो. प्रियांशी मेहता ने किया। फामेर्सी एडमिनिस्ट्रेटर, सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित थे। आभार प्रो. आयुषी ने माना।

### शह और मात के खेल का हुआ आगाज



**रतलाम, निप्र।** सृजन महाविद्यालय में शतरंज नोडल प्रान्त स्तरीय टूनामेंट का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के चेयरमैन अनिल झालानी, समन्वयक निसर्ग दुबे ने खिलाडियों का स्वागत किया व उनका हौसला बढ़ाया। स्विस पदत्ति से खेले गए शंतरज टूनामेंट में टॉप 5 खिलाडियों को चयनित किया गया जो आगे राजकीय स्तर नोडल में अपना खेल दिखाएंगे। सृजन महविद्यालय प्रति वर्ष नोडल खेल का आयोजक रहता है। आयोजकों की मुख्य भूमिका में सृजन महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी ताहिरा खान ने सफल बनाया। प्राचार्य डॉ जिंदल यादव ने आभार माना।

### माता-पिता एवं पत्नी की स्मृति में बनवाया भगवान षंकरजी का मंदिर, सोमवार को धूमधाम से की भगवान षंकरजी के षिवलिंग की स्थापना



**हरसूद, निप्र।** नया हरसूद के सेक्टर क्रमांक 6 निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपने माता-पिता एवं पत्नी की स्मृति में मंदिर का निर्माण कर उसमें भगवान षंकरजी के षिवलिंग की स्थापना की गई। तीन दिनों तक चले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन सोमवार दोपहर हुआ। नया हरसूद के सेक्टर क्रमांक 6 निवासी टीकाराम प्रजापति द्वारा पिता स्वर्गीय रामप्रसाद प्रजापित, माता स्वर्गीय श्रीमती समोतीबाई एवं पत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुभद्राबाई की स्मृति में षीतला माता मंदिर के पास मंदिर का निर्माण करवाया गया तथा नवनिर्मित मंदिर में भगवान षंकरजी के षिवलिंग, माता पार्वतीजी, गणेषजी, कार्तिकेयजी एवं नंदी भगवान की प्रतिमा की स्थापना करवाई गई। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पंडित नितेष षर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर टीकाराम प्रजापति एवं परिवार द्वारा छोटी-छोटी कन्याओं को कन्या भोज भी कराया गया। इस अवसर पर टीकाराम प्रजापति, द्वारकाप्रसाद प्रजापति, गोविंद तंवर, भागचंद प्रजापति सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### महिला को शराब बेचते पकड़ा

**बुरहानपुर, निप्र।** शाहपुर थाना पुलिस ने एक महिला को अवैध शराब बेचते पकड़ा। पुलिस के अनुसार कला बाई पति हरि शंखपाल निवासी ग्राम संग्रामपुर को शराब बेचते पकड़कर उसके कब्जे से 5 लीटर कच्ची हाथ भट्टी अवैध शराब जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

12 नवंबर से शुरू इस योजना अंतर्गत खंडवा जिले में 18 नवंबर तक 1160 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं

# प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र। आर्थिक परेशानी के चलते कई मरीज अपनी बड़ी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते थे, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में पहली बार गारंटी के रूप में 5 लाख रुपए की राशि का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की घोषणा की गई, जिसके फल स्वरुप कई गरीब लोगों की बड़ी से बड़ी बीमारी के इलाज भी इस कार्ड के माध्यम से निशुल्क संपन्न हुए।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास के साथ देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी कार्य कर रहे हैं आदिवासी, गरीब, किसानों के लिए जहां कई प्रकार की योजनाएं शुरू की गई है, श। वही आयुष्मान कार्ड धारी हितग्राही को 5 लाख तक का शासकीय अस्पताल के साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीज का निशुल्क इलाज अब संभव हो रहा है, अभी तक इस योजना के अंतर्गत 65 वर्ष तक के लोगों के कार्ड बनाए गए थे।

लेकिन विगत दिनों देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अच्छी सोच के साथ 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने की घोषणा की जिसमें कोई भेदभाव नहीं गरीब से लेकर



अमीर तक के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया मोदी जी के आदेश के बाद शुरू हो चुकी है।

अब 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग भी आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक का अपना इलाज निशुल्क करा सकेंगे, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 12 नवंबर से शुरू इस योजना के अंतर्गत खंडवा जिले में 18 नवंबर तक 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के 1160 आयुष्मान कार्ड बना दिए गए हैं, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया लगातार चल रही है, जिला अस्पताल में भी काउंटर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, खंडवा जिला अस्पताल के डॉ अनिरुद्ध कौशल ने सभी 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के परिजनों से अनुरोध किया है कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है अपने-अपने नजदीकी केंद्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड आधार कार्ड ले जाकर बनवा सकते हैं, मोबाइल के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है,सोमवार को जिला अस्पताल में काउंटर पर 35 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, इस अवसर पर डॉक्टर कौशल के साथ ही समाजसेवी एवं रोगी का कल्याण समिति के पूर्व सदस्य सुनील जैन, श्रीमती नीता जोसेफ एल.एच.वी, रेणुका चौकड़े, उमा केथवास डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा काउंटर पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे ने सभी 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों एवं उनके परिजनों से अनुरोध किया कि एक अच्छी सोच के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की घोषणा की है।

जिसमें 5लाख का इलाज निशुल्क करवाया जा रहा है, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जिला अस्पताल एवं अन्य सेंटरों पर की जा रही है, अपना आधार कार्ड ले जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं।

ट्रांसफार्मर से करते थे ऑयल चोरी, 75 लीटर जहरीली शराब, 40 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल

# 5 आरोपी हुए गिरफ्तार, गैंग से एक टवेरा भी जप्त

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** ट्रांसफार्मर से आयल चोरी करने वाली एक गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 5 आरोपियों को 40 लीटर ट्रांसफॉर्मर ऑयल और 75 लीटर जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया। इनके पास से कार भी जप्त की गई है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में लगातार ट्रांसफार्मर से ऑयल चोर की घटनाएं सामने आ रही थी। ऑयल चोरी के थाना बिलपांक पर तीन प्रकरण, थाना नामली पर एक प्रकरण, थाना औ.क्षेत्र रतलाम मे एक प्रकरण व थाना शिवगढ पर एक प्रकरण सहित रतलाम जिले मे कुल 06 प्रकरण पंजीबध्द किए गए थे। इसपर एसपी अमित कुमार द्वारा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं घटनाओं का पदार्फाश कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित



किया गया। एएसपी राकेश खाखा एवं एसडीओपी अभिलाष भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिलपांक अय्यूब खान के नेतृत्व में गैंग को पकड़ने में सफलता पाई है।

**ये आरोपी गिरफ्तार :** मामले में पुलिस ने 1.राकेश पिता दशरथ भाटी 35 साल निवासी ग्राम चौराना, 2. दिलीप पिता गिरधारी डामर उम्र 24 साल निवासी जिबरीपाडा छायन थाना बदनावर जिला धार, 3. नंदू ऊर्फ नंदकिशौर पिता रमेश चौहान उम्र 25 साल निवासी ओरडी थाना भाटपचालाना जिला उज्जैन, 4. कृष्णा पिता प्रकाश मुनिया जाति भील उम्र 23 साल निवासी भेडावद क्र.3 थाना बडनगर जिला उज्जैन, 5. गोरीशंकर पिता किशन गिरवाल जाति भील उम्र 45 साल निवासी ग्राम बीरपाडा धराड थाना बिलपांक, 6. वसीम शाह उर्फ गोलू पिता अब्दुल हक उम्र 28 साल मालीपुरा बदनावर को गिरफ्तार किया है।

#### घेराबंदी में मिली केन

टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि राकेश भाटी व उसके कुछ साथी एक टवेरा गाडी से सिनोद तरफ से आने वाले है। टीम द्वारा सिनोद रोड पर पंहुचकर घेराबंदी कर कार को रोका गया। तलाशी में टवेरा गाडी की डीक्की सीट पर तीन केन रखी मिली। चेक करने पर दो केन मे तेज गंध वाली शराब की बदबू तथा एक केन मे आईल भरा हुआ मिला। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की गई जहां आरोपियों ने बदनारा रोड के पास से एक डीपी से आयल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

#### पहले से है अपराधी

गिरोह का सरगना राकेश भाटी पहले ट्रासफार्मर ऑईल, पंचायतो से एलसीडी चौरी व अन्य कई चोरियों में गिरोह संचालित कर गिरफ्तार हुआ है। अभी तक की पुछ्ताछ मे आरोपीयो द्वारा जिला रतलाम, उज्जैन, धार मे किसानो के खेतो मे लगे ट्रासफार्मर से रात्री मे ऑईल चोरी करना स्वीकार किया है। ट्रासफार्मर ऑईल को वसीम शाह उर्फ गोलू पिता अब्दुल हक उम्र 28 साल मालीपुरा बदनावर जिला धार को बेचना बताया है।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर बवाल, नाबालिगों ने युवक पर चाकूसे किया हमला

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** सोशल मीडिया पोस्ट करने पर जान पर बन आने का एक और मामला सामने आया है। बिरियाखेड़ी क्षेत्र में हुई घटना में पोस्ट से नाराज दो किशोरों ने 19 वर्षीय युवक को चाकू मार दिए। गंभीर घायल युवक को मेडिकल कालेज भर्ती करवाया गया है।

शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरियाखेड़ी में घटना रविवार रात हुई। जानकारी के अनुसार नाम रितेश पिता शंभूलाल 19 वर्ष निवासी बिरियाखेड़ी कस्तूरबा नगर स्थित जनरल स्टोर पर काम करता है। रविवार रात करीब 9.30 -10 बजे वह काम से लौटकर बिरियाखेड़ी स्थित घर जा रहा था। रास्ते में पानी की टंकी के पास इसी क्षेत्र में रहने वाले दो किशोरों ने उसका रास्ता रोका और सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर विवाद करने लगे। विवाद बढ़ा तो नाबालिगों ने फरियादी रितेश पर चाकू से प्राणघातक



हमला कर दिया। रितेश ने हाथ आगे कर रोकने की कोशिश की तो दोनों हमलावरों ने फरियादी के हाथों पर भी चाकू से हमला कर चोट पहुंचाई है। चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोग इकट्ठा हो गए जिन्होंने बीच- बचाव किया। हमला करते ही दोनों नाबालिग वहां से भाग निकले।

#### परिवार वाले ले गए अस्पताल

घटना के बाद गंभीर घायल हालत में ही युवक रितेश पड़ा रहा। वहीं से किसी परीचित ने उसके परिजनों को मोबाइल पर सूचना दी। इसके बाद परिजन वहां पंहुचे तब कहीं जाकर उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। परिजनों ने पुलिस को भी फोन पर सूचना दी। पुलिस ने दो बाल अपचारियों के खिलाफ बीएनएस-2023 की धारा 109, 296, 115(2) एवं 3(5) में मुकदमा दर्ज किया है।

### पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों ने सुरक्षा की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बुरहानपुर, निप्र।** ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, रोजगार सहायकों के साथ अभद्रता न हो इसे लेकर मप्र पंचायत संयुक्त मोर्चा सक्रिय हो गया है। दरअसल नेपानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीवल में दो दिन पहले एक युवक ने कार्यालय में पहुंचकर तोड़फोड़ मचा दी थी। इसे लेकर सोमवार को क्षेत्र के पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों ने जिला पंचायत सीईओ सृष्टि देशमुख को ज्ञापन सौंपा। मप्र पंचायत संयुक्त मोर्चा की ओर से कलेक्टर के नाम जिला पंचायत सीईओ को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम हों।

### नायब तहसीलदार के रसोईघर से वनविभाग के चौकीदार ने किया पदमा नागिन का रेस्क्यू

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** सोमवार षाम साढे 5 बजे के लगभग एनव्हीडीए कालोनी नया हरसूद में नायब तहसीलदार के रसोईघर से वन विभाग छनेरा के चौकीदार पदमा नागिन का रेस्क्यू किया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार षाम को नायब तहसीलदार के घर के रसोईघर में परिवार वालों को एक सांप दिखा। जिसकी सूचना समीप ही रहने वाले मालवीयजी द्वारा वनविभाग छनेरा में दी गई। जिसके बाद वन विभाग छनेरा के चौकीदार भाईराम ढाकसे ने मौके पर पहुंचकर बडी मषक्कत के बाद रसोईधर से पदमा नागिन का रेस्क्यू किया।



### डेंगू का दंश झेल रहा शहर- सीजन में अब तक मिल चुके 3 मरीज, 3 बच्चे और संभावित पाए गए

सीएमएचओ बोले-बरत रहे सतर्कता, निगमायुक्त ने कहा-शहर में फॉगिंग करा रहे

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** जिले में डेंगू और मलेरिया अपने पैर पसार रहा है, लेकिन स्वास्थ्य महकमा और नगर निगम की ओर से कोई खास एक्शन नहीं लिया जा रहा है। इसका कारण यह है कि अब तक इस सीजन में करीब 30 से अधिक डेंगू संभावित मरीज पाए जा चुके हैं तो वहीं तीन बच्चे भी हाल ही में डेंगू संभावित मिले हैं। इसमें से एक बच्चे को उसके परिजन ने सोमवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

दरअसल जिले में मौसम में बदलाव सहित अन्य कारणों के चलते मलेरिया और डेंगू बीमारी का खतरा बढ़ रहा है। सोमवार को एक बच्चा डेंगू संभावित सामने आया है। वहीं इसे लेकर अफसर



सतर्कता बरतने की बात कह रहे हैं। इस सीजन में अब तक करीब 28-30 डेंगू संभावित मरीज सामने आ चुके हैं। जबकि एक बच्चा सोमवार को डेंगू संभावित पाए जाने पर उसे परिजन जिला अस्पताल लाए। उसका उपचार जारी है।

इधर, पार्षद और रहवासी नगर में साफ सफाई को लेकर सवाल उठा रहे हैं। वार्ड नंबर 13 के रहवासी अख्तर खान ने बताया ने बताया खैराती बाजार में गंदगी हो रही है। साफ सफाई नहीं होती। मेरे नवासे को डेंगू हो गया। उसे अस्पतल में भर्ती कराया गया है। पार्षद को शिकायत की तो ध्यान नहीं दे रहे। वहीं इस मामले में खैराती बाजार वार्ड पार्षद मोहम्मद जावेद ने कहा-नगर निगम को बार बार शिकायत कर रहा हूं। वार्ड से कचरा नहीं उठाया जा रहा है।

# काम करने के बाद भी न संसाधन न श्रेय - नाराज पटवारियों ने किया प्रदर्शन

## मुखिया की टिप्पणियों से आहत हुए पटवारी संघ ने की निंदा

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** राजस्व महाअभियान 3 के शुरु होते ही पटवारियों का रोष सामने आ रहा है। पूर्व के अभियानों में अत्याधिक काम लेने के बाद भी श्रेय न देने और मुख्यमंत्री की टिप्पणियों से नाराज पटवारियों ने सोमवार को प्रदर्शन भी किया। प्रांतीय पटवारी संघ के बैनर तले सोमवार को जिले भर के पटवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय पंहुचे जहां अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पर एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में पटवारियों ने कहा कि राजस्व महाभियान 1 और 2 में सारा काम पटवारियों ने संसाधनों के अभाव में भी दिन रात मेहनत से किया। इसका श्रेय मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को दिया गया। खेद का विषय है कि पटवारियों को शासन की विभिन्न योजनाओं व




राजस्व महाभियानों में आ रही समस्याओं तथा मांगों को लेकर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व में भी अभियानों में केवल पटवारियों द्वारा कार्य किया गया। अधिकारी 3-4 बार समीक्षा कर बरी हो जाते हैं। त्रुटि होने पर भी पटवारियों को ही दंड दिया जाता है जो उनपर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना है। प्रदेश के मुखिया द्वारा सार्वजनकि मंचों से पटवारी को कलेक्टर का बाप, राजस्व मंत्री पटवारियों के दुश्मन जैसी टिप्पणी की जाती है जिससे समस्त पटवारियों में रोष और दुख है। पटवारी संघ द्वारा एसी टिप्पणी की घोर निंदा की जाती है।

पटवारियों ने ज्ञापन में मुख्यमंत्री से समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग भी की। इसमें लंबित नक्शा तरमीम, बटांकन कार्य में न्यायालयीन प्रकृति का काम बताया। कहा कि राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर जांच की जाती है जो कि अभियान में करवाना संभव नहीं है। मिसल बंदोबस्ट शीट और मौजूदा डिजिटल नक्श में अंतर आ रहा है। इसलिए बिना नवीन बंदोबस्त के नक्शा तरमीम शुद्ध नहीं हो सकता है। बताया गया कि जीआईएस साफ्टवेयर में उपलब्ध मॉड्यूल त्रुटिपूर्ण है, जिसमें ज्यामीतीय का वास्तविक रकबा नहीं होता। काटे गए सही नक्शे आनलाईन नक्शे में त्रुटिपूर्ण इंद्राज हो रहे हैं।

साथ ही मांग की गई कि लोक सेवा सीएससी से जो सेवाएं समयसीमा में प्राप्त की जा सकती है, उन्हें भी अभियान में शामिल किया गया है। जल्दबाजी में इन कामों में त्रुटियां उत्पन्न हो रही हैं। ईकेवायसी और फार्मर रजिस्ट्री में शासन द्वारा बनाए एप पोर्टल को इतना जटिल बनाया गया है कि किसान के नाम में अल्क त्रुटि होने में भी काम अटक रहे हैं। पटवारियों को मोबाइल और लैपटाप क्रय करने के लिए बजट उपलब्ध करवाने की मांग की गई।

बाजार भाव

इंदौर मंडी


# दालों में उपभोक्ता मांग, सोना नरम

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना आवक करीब 2000 बोरी। नीलामी 6500 - 6600 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6650 - 6800 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 4000 बोरी। नीलामी 1300 - 14000 रुपए।

**छावनी व्यापारिक मंडी (प्रति क्विंटल)** - चना कांटा 6800 - 6950 विशाल चना 6600 - 6650 डंकी चना 6000 - 6300 मसूर 6050 - 6100 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8500 - 9700 रुपए क्विंटल।

तिलहन - सोयाबीन 4240 - 4250 सरसों निमाड़ी बारीक 5700 - 5900 एवरेज बारीक 5500 - 5600 रुपए।

**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** -



तुअर दाल फूल 12300 - 12500 तुअर दाल सवा नंबर 11900 - 12000 चना दाल 8300 - 8400 एक्स्ट्रा बोल्ड 9500 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9600 - 9700 मूंग मोगर 9600 - 9800 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**चावल भाव (प्रति क्विंटल)** - कोहिनूर बासमती वंड 14800 - 15300 तिबार 12400 - 12600 मिनी दुबार बासमती (921) 10300 - 10500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6800 - 9500 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार** - सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू (सभी वैरायटी) 640 - 800 काजू टुकड़ी 560 - 570 बादाम (देसी - आयातित) 680 - 790 किशमिश कंधारी 550 - 570 बेस्ट 610 - 690 रुपए किलो।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो)** - मूंगफली तेल इंदौर 1520 - 1530 मुबंई 1540 - 1550 गुजरात 1500 - 1510 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1310 - 1315 सोया सॉल्वेंट 1265 - 1270 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 1370 - 1380 सोया डीगम (बिना टैक्स ) 1260 - 1265 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 मुंबई पाम ऑइल 1415 - 1420 गुजरात कपास्या तेल 1320 - 1325 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2425 - 2430 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा** - 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 76300 रुपए।
चाँदी 90300 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।
सोना 2561 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 3024 सेंट प्रति औंस।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित



**शाजापुर, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का दीपावली पत्रकार मिलन समारोह गिरवर स्थित वाटर पार्क पर आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने पत्रकारों से संवाद किया। इस दौरान उन्होने जिलाध्यक्ष पद को लेकर होने वाली चयन प्रक्रिया के बारे में बताया। इस मौके पर दिनेश शर्मा, किरण ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, विजय जोशी सहित पत्रकार उपस्थित थे।

### कोठारी एव्हरफ्रेश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई



**शाजापुर, निप्र।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा राजस्व विभाग की टीम के साथ एव्हरफ्रेश दुकान पर कार्रवाई की गई। सोमवार शाम को बस स्टैंड स्थित कोठारी एव्हरफ्रेश पर नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। यहां एक्सपायरी डेट की सामग्री मिली जिसे नष्ट किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपा टटवाड़े ने बताया कि कोठारी एव्हरफ्रेश से करीब डेढ़ से दो हजार रुपये के खाद्यान नष्ट किए गए। वहीं छह खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए जिन्हे जांच हेतु प्रयोगशाला पहुंचाया जाएगा, जहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नन्हें वैज्ञानिकों ने बनाए मॉडल, सीएम राइज स्कूल में विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित



**शाजापुर, निप्र।** विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल सीएम राइज शाजापुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे ने फीटा काट कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। विकासखंड शाजापुर के विभिन्न जनशिक्षा केंद्र से चयनित होकर कुल 81 मॉडल इस प्रदर्शनी में सहभागी हुए, जिनका मूल्यांकन विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न मापदंड के आधार पर किया गया। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान मुख्य अतिथि दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी वंदना गुप्ता, जिला नोडल प्रवीण मंडलोई ने बाल वैज्ञानिकों के उत्साह को सराहा और उन्हे और अधिक रोचक बनाने हेतु टिप्स दिए। साथ ही समसामयिक समस्याओं के समाधानकारी मॉडल बनाने हेतु प्रेरित किया। प्रदर्शनी में कक्षा 9 से 12 में गणित विषय में टीना राजपूत प्रथम, द्वितीय संस्कृति शर्मा रहीं। जबकि विज्ञान से पूजा राजपूत प्रथम, द्वितीय पायल कुशवाह, पर्यावरण से प्रथम देवराज सौराष्ट्रीय, द्वितीय नरेंद्रसिंह डोडिया रहे। इसी तरह एकल गीत में सपना सौराष्ट्रीय चयनित हुईं। कक्षा 6 से 8 में गणित में प्रथम आराधना राठौर, द्वितीय यूंशरा खानम, विज्ञान में प्रथम सोनाक्षी राठौर, द्वितीय जेबा बी, पर्यावरण में ऋतिक कुमार प्रथम, द्वितीय प्रिंस पुष्पद, भूगोल में प्रथम पायल, द्वितीय चाहतजहां रहीं। उक्त चयनित सभी विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रदर्शनी में शाजापुर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### देर रात दंपत्ति की मदद को पहुंची डायल 100

**शाजापुर, निप्र।** देररात कार खराब होने से परेशान दंपति की मदद के लिए डायल 100 मौके पर पहुंची और दंपत्ति को बच्चे के साथ सुरक्षित घर पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंगपुर से शाजापुर जा रहे दंपत्ति की कार एबी रोड टुकराना जोड़ के पास रविवार रात करीब 12.27 बजे खराब हो गई थी। आसपास कोई सहायता नहीं मिलने पर शुभमसिंह ने डायल 112/100 नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। सूचना मिलने पर डायल 112/100 स्टॉफ आरक्षक रोहित सोलंकी एवं पायलेट राजेन्द्र सिकरवार मौके पर पहुंचे और डायल 100 वाहन से दंपति को उनके बच्चे के साथ घर पहुंचाया। शुभम ने मदद मिलने पर डायल 100 का आभार जताया।

### झंडा दिवस निधि में दान करने की कलेक्टर ने की अपील

**सीहोर, निप्र।** देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग हुए सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं



नागरिकों से झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक दान करने की अपील की है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है। कर्तव्य-पालन में हमारे अनेक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उनके बलिदान एवं योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। झंडा दिवस पर सशस्त्र सेनाओं के आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान के जरिए उनके प्रति कृतज्ञता और एकजुटता प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस राशि का उपयोग शहीद सैनिक की विधवाओं, दिव्यांग हुए सैनिकों एवं अन्य भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिये किया जाता है। पूरा देश झण्डा दिवस पर अपना अनुदान देकर सेना के प्रति अपनी एकता की भावना को व्यक्त करता है,जिससे सैनिक भी आश्वस्त होते हैं कि संपूर्ण देश उनके परिवार की सहायता के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिवस पर हमारे देश के सैनिकों और देशवासियों के मध्य जो एक अपनेपन और विश्वास का रिश्ता है वो सुदृढ़ और आत्मीय होता है।

### शाजापुर सीवरेज परियोजना का निरीक्षण

**शाजापुर, निप्र।** मलजल शोधन संयंत्र के संचालन और रखरखाव का उप परियोजना संचालक तकनीकी शैलेन्द्र शुक्ला ने निरीक्षण किया। इस दौरान शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घरेलू कनेक्शन को बिजली बोर्ड के एचएससी के डेटा और नगर परिषद के संपत्ति डेटा से सत्यापित किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि शत-प्रतिशत घरों को सीवरेज नेटवर्क का लाभ मिले। शुक्ला ने कहा कि मलजल शोधन संयंत्र से प्राप्त शोधित जल का उद्यानिकी, तराई, अग्निशमन जैसे कार्यों में पुनर्उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होने निर्देश दिए कि एसटीपी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी करें।

# पुलिस के हाथ खुले तो गांजे की कई बड़ी खेप पकड़ाई, सप्लायर चेन भी टूटी

## राजनीतिक संरक्षण और पुलिस की धीमी कार्यवाही ने एक दशक में देवास जिले को बना दिया मादक पदार्थों का गढ, सरकार की सख्ती ने अब सफाए की उम्मीद जगाई

विनय उजाला

**देवास, निप्र। अवैध धंधे वालों में इन दिनों हडकंप मचा हैं। पिछले दस साल में देवास जिला अवैध धंधे का गड बन गया था। खासकर अवैध शराब और गांजे का नशा तेजी से बडा। अभी तक चुनाव के नजदीक आते आते कुछ समय के लिए कार्यवाही होती थी, उसके बाद मादक पदार्थ के तस्कर फिर से काम पर लग जाते हैं।**

पहली बार मोहन यादव सरकार ने एक बडा अभियान चलाया और जमीन पर जो नतीजे आ रहे हैं वो बता रहे हैं कि किस तरह जिला अवैध धंधे की गिरफ्त में आ गया था। अब तक की कार्यवाही में देवास पुलिस लगभग 60 लाख रुपए का गांजा पकड चुकी हैं। अवैध कारोबारियों में हडकंप है और इन्हें संरक्षण देने वालों की चल नहीं रही हैं क्योंकि आदेश सीधे भोपाल से आए हैं। विकास नगर के आदित्य कहते हैं नशा नौजवानों को खोखला कर रहा हैं. स्कूल, कालेज के बच्चे अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। अगर पुलिस सख्ती दिखाए तो तमाम अवैध कम बंद हो जाए। ऐसा ही कुछ चिंता अमोना के योगेश भी जता रहे थे, वे कहते हैं कंपनियों में मेहनत से कमाया पैसा श्रमिक गांजे में उडा देते हैं, उन्हें आसानी से नशा मिलने लगा। इसका ज्यादा नुकसान परिवार उठाते हैं। बावडिया के रोहित कहते हैं बाहर के लोग यहां गांजे की पूडिया खरीदने आते हैं। सभी रहवासियों को पता है की गांजा किस घर से बिकता हैं। वे सवाल करते है कि क्या पुलिस को जानकारी नहीं होगी? फारूक नगर के शब्बीर खां कहते है पीछे की बस्ती के नौजवान गांजे की पुडिया खरीद लाते हैं, इन्हें लत लग गई। वे कहते हैं अगर नेताओं का संरक्षण न हो तो कोई अवैध काम चल ही नहीं सकता।

### शासन के आदेश पर अब चल रहा ऑपरेशन प्रहार

**विनय उजाला** ने कुछ समय पहले अपनी खबर में लिखा था कि सीएम मोहन यादव ने निर्देश जारी कर दिए है कि नशे का कारोबार पूरी तरह बंद होना चाहिए। सीएम के आदेश के बाद पुलिस विभाग में हलचल मची और फिर आपरेशन प्रहार शुरू किया गया। सीएम यादव के ये



देवास/शाजापुर
भोपाल | अलीराजपुर | उज्जैन | इंदौर, बुधवार

नशे के कारोबार ने पैर फैलाएं... अब सीएम के सख्ती करने के निर्देश के बाद जागी उम्मीद...

चुनाव के समय नशे का अवैध कारोबार प्रमुख मुद्दा बना था, उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया

विनय उजाला

देवास, निप्र। शहर में नशे के अवैध कारोबार ने तेजी से पैर फैलाए हैं। देखते ही देखते युवा इसकी चपेट में आए हैं। नशे ? के अवैध कारोबार को रोकने के लिए कल इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त कार्रवाई की बात कहते हुए अधिकारियों से कहा था कि वे फ्री हेंड है तथा इसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करे। मैसेज पूरे प्रदेश के अफसरों के लिए था। देवास में अब तक नशे के खिलाफ प्रभावी अभियान नहीं चला है। आबकारी विभाग ऊपर से आदेश के बाद कार्यवाही जरूर कर रहा है लेकिन वो प्रभावी नहीं है। देवास में नशे के कारोबारी कितने बेखौफ और निर्भीक है इसे बावड़िया के एक रहवासी विजयलाल की बात से समझा जा सकता है वे कहते है कि बाहर के कई लोग अपनी कार से भी यहां से नशा खरीद ले जाते है, स्थानीय लोगों को भी जगह ठिकाने की जानकारी है लेकिन अगर कोई अंधेरे में है तो लोकल थाने कि पुलिस। विजय कि बात में कटाक्ष है और ये बताता है कि नशे के व्यापार को किस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है।

चुनाव में मुद्दा बनते ही हो गई थी सख्ती...

पहली बार देवास विधानसभा के चुनाव में अवैध नशे का कारोबार प्रमुख चुनावी मुद्दा बना था। कांग्रेस के उम्मीद वार प्रदीप चौधरी ने इसे जोर शोर से उठाया था, चुनाव में ये मुद्दा जनता के मध्य जाते ही पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया था और उस समय नशे के कारोबार पर ब्रेक लग गया था। हालांकि चुनाव निपटते ही सख्ती भी खत्म हो गई। चुनाव के केंद्र में पहली बार नशे के आने के बाद उम्मीद जगी थी कि आगे इस पर नियंत्रण होगा, ताकि अगली बार राजनीतिक रूप से ये मुद्दा नहीं बने, लेकिन हमेशा की तरह नशा बेचने वाली लाबी प्रभावी सिध्द हुई तथा आचार संहिता हटने के साथ ही अवैध धंधे के व्यापारी फिर अपने काम पर जी जान से जुट गए।

सरकार के आदेश पर बड़ी कार्यवाही नजर नहीं आ रही...

मोहन सरकार ने अवैध शराब बेचने वालों पर प्रभावी कार्रवाई के आदेश जारी करे तो गेंद कलेक्टर के पाले में आ गई। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के आदेश के बाद जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चल रहा है। आबकारी विभाग का दल अब रोजाना ही कही न कही से अवैध शराब पकड़ रहा है। अवैध शराब के अभियान से वे लोग छूटे हुए है जो कि पावडर व अन्य नशा बेच रहे है। कल सोमवार को इंदौर में सीएम मोहन यादव ने ड्रग और अन्य नशे पर भी प्रभावी कार्रवाई कि बात कही है। उम्मीद है इसके भी अलग से आदेश होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आए।

इनका कहना...

नशा मुक्त होना चाहिए शहर...

देवास शहर हर तरह के नशे से मुक्त होना चाहिए। विधानसभा चुनाव के समय जब में जनसंपर्क के लिए पहुंचता तो लोग नशे के अवैध कारोबार की भी शिकायत करते थे। नशा कैसा भी हो वो इसका अवैध व्यापार बंद होना चाहिए।

-प्रदीप चौधरी, कांग्रेस नेता देवास

एक ने फोन नहीं उठाया, दूसरे का सर्विस में नहीं...

आबकारी विभाग किस तरह अवैध शराब को लेकर कार्यवाही कर रहा है। ये अभियान प्रभावी हो इसके लिए और क्या योजना है विभाग की..? ऐसे सवालों के साथ आबकारी निरीक्षक अरविंद जाट से चर्चा करनी चाही लेकिन उनका सरकारी नंबर सर्विस में नहीं होना बता रहा था। दूसरे आबकारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने फोन नहीं उठाया।

निर्देश उन परिवारों में उम्मीद जगा रहा है जो अपने घर के सदस्यों के नशे से परेशान है और चाहकर भी खुद उन्हें नहीं रोक सके। ऐसे परिवारों को उम्मीद है कि अगर नशा मिलेगा ही नहीं, तो ये खरीदकर ला भी नहीं सकेंगे और फिर नशा भी छूट जाएगा। गांजे का नशा शहर में भी तेजी से फैला है, छोटी छोटी पुडिया में इन्हें बेचा जाता हैं। पुलिस ने जो आपरेशन प्रहार शुरू किया है उसमें भी पुलिस के हाथ गांजे की बडी खेप हाथ लग रही हैं। अब तक की कार्यवाही में पुलिस ने गांजे की धंधे की चेन तोड दी है। अगर पुलिस का अभियान कुछ लंबा खिंच गया तो पिछले दस साल की गंदगी साफ हो जाएगी। पुलिस कप्तान पुनीत गहलोद भी साफ कर चुके है कि पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाएगा। उनके अनुसार आरोपियों की पुलिस रिमांड न्यायालय से प्राप्त की जा रही है और मादक पदार्थ तस्करी के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज पता किए जाएंगे ताकि मादक पदार्थ को ख़रीदने वाले, बेचने वाले, ट्रांसपोर्ट करने वाले एवं सेवन करने वाले सभी अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

### ऑपरेशन प्रहार में अब तक क्या...

- पुलिस एक साथ धावा बोल रही, 25 स्थानों पर 200 पुलिसकर्मियों ने दबिश डाली।
- 596 किलो गांजा कीमत 60 लाख रुपए के करीब जिलेभर में कार्यवाही कर पकडा, इसमें बडे स्मगलर भी धरा गए। बडे मगरमच्छ धराए तो छोटे कारोबारियों में हडकंप मच गया। कई शहर छोडकर भाग गए।
- इस बार पुलिस कार्यवाही से पहले पूरी जानकारी जुटा रही है, ताकि अवैध धंधा जड से ही खत्म हो, इस तैयारी का असर भी दिखने लगा, कई जगह सप्लाई चेन टूटने से गांजा बिकना बंद हुआ।



# भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सोमवार को हुए कार्यक्रम के दौरान भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्षक से संबंधित भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीएस विभूति ने की। प्रतियोगिता का समग्र संयोजन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ बीएल मालवीय के द्वारा किया गया। वहीं आज मंगलवार को भी भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित लोक नृत्य, लोकगीत एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी डॉ टीएल चौहान ने दी।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने फीता काटकर किया स्वदेश फार्मेसी का शुभारंभ

## जहां नया भवन बनाया गया है उसका नाम था स्वदेश भवन

शरद शर्मा

**सीहोर।** रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्ग पर नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य स्वदेश फार्मेसी का फीता काट कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ने श्री सिंह और उनके पुत्र डॉ. नीतेश सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आयर्वेद और ऐलोपैथिक संस्थान एक ही स्थान पर खुल जाने से जररूतमंद लोगों को इनका लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि नपा अध्यक्ष श्री राठौर के दादाजी स्व. मास्टर बेनीप्रसाद राठौर भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष थे। उनके स्व. हरिकृष्ण सिंह से आत्मीय संबंध थे। अब उनकी तीसरी पीढ़ी यह



संबंध निभा रही है।स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, पूर्व ज्ञात हो कि विधायक, वरिष्ठ पत्रकार स्व. हरिकृष्ण सिंह मंत्री के निवास स्थान का नाम स्वदेश भवन ही था। अब यहां उनके पुत्र वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह ने नव निर्मित शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी कमलेश कटारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजाराम बड़े भाई, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप एस चौहान, सुजीत रायकवार, पार्षद श्रीमति माया कसौटिया, अजय राजपूत, डा. नितेश सिंह, डॉ. अजय, झलावा, सहायक संचालक स्कूल शिक्षा श्रीमती शशि सिंह सेवानिवृत डिप्टी चीफ एलआईसी राजेन्द्र कुमार, परियोजना अधिकारी वंदनवाला सिंह संकुल प्राचार्य रत्नमाला जयंत, प्राचार्य संध्या कसोटिया, वरिष्ठ साहित्यकार जे.सी जयंत अंजाना, पूर्व पार्षद जसवंत सिंह, पुरुषोत्तम गुप्ता, प्यारे भाई, मुकेश मेवाड़ा, रमेश वर्मा, राजेन्द्र सिंह कसोटिया बड़े भाई, रामनारायण श्रीवास शिक्षिका रेखा सिंह, प्रशांत सिंह, विजय शास्त्री वीरबल कुशवाहा, संदीप आर्य, डॉ. यशवंत सिंह, कवि रामसिंह परमार, हरीश सूर्यवंशी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर वैदिक विधि से यज्ञ भी संपन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थित जन का आभार संतोष सिंह ने व्यक्त किया।

# आमजन की शिकायतों का पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से करें निराकरण : कलेक्टर सिंह

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र।** समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने विभाग की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की।



कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की आमजन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में जिले की नम्बर वन रैंक बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि अपने विभागीय कार्यों का समय सीमा में संपादन करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन तथा आरसीएमएस में दर्ज सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर प्रवीणसिंह ने नेशनल हाइवे के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजे की कार्यवाही तेजी से की जाए। कलेक्टर सिंह ने वनग्रामों के राजस्व ग्रामों परिवर्तन तथा सामुदायिक दावों के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने फसल कटाई प्रयोग की कार्यवाही समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खाद की समीक्षा करते हुए रबी सीजन के लिए आवश्यकतानुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, जिला पंचायत प्रभारी सीईओ एवं संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, डीएस तोमर, मदन सिंह रघुवंशी, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# एचआई पर जागरूकता आधारित वीडियो फिल्म दिखाई व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** स्थानीय अमर शहीद राजाभाऊ महाकाल शासकीय महाविद्यालय सोनकच्छ में प्राचार्य डॉ. अर्चना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के समन्वय से संचालित रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी/एड्स सम्बन्धी जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है।

इसी कड़ी में एचआईवी/एड्स = जागरूकता व जानकारी* विषय से संबंधित वीडियों फिल्म पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। आरंभ में एचआईवी/एड्स बीमारी से संबंधित जानकारी से युक्त एक वीडियों फिल्म उपस्थित विद्यार्थियों को दिखाई गई। इसके बाद उक्त विषय पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। क्लब द्वारा प्रश्नोत्तरी के प्रथम तीन विजेता सहभागियों को आगामी गतिविधियों में पुरस्कृत किया जाएगा। दोनो गतिविधियों में बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने



भाग लिया। समस्त कार्यक्रम क्लब प्रभारी डॉ. मनोज महाजन के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। तकनीकी सहयोग राहुल अहिरवार का रहा। प्रो. जयंत मेहता, डॉ. वंदना नामदेव, डॉ. सुधीर महाजन और डॉ. रितेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## देवनारायण मंदिर प्रांगण के लिए मंत्री ने 5 लाख तो क्षेत्रिय विधायक भंवरा ने 11 लाख रुपए देने की घोषणा की

# संत सिंगाजी की परचरी में पहुंचे कृषि मंत्री कंसाना सहित तीन विधायक

### मंत्री के प्रथम नगर आगमन पर लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत

विनय उजाला

**सतवास, निप्र। रविवार को प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना सतवास क्षेत्र के दौरे पर रहे! सर्वथम मंत्री कंसाना बामनी बुजुर्ग पहुंचे जहां उन्होंने भागवत कथा में पहुंचकर पंडित गोविंद जी नागर से आशीर्वाद लिया।**





मंत्री कंसाना के साथ क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा, कन्नौद खातेगांव विधायक आशीष शर्मा,मांधाता विधायक नारायण पटेल का नगर सतवास में खाद बीज व्यापारी एसोसियेशन एवं गुर्जर समाज के लोगो द्वारा जगह-जगह पर आतिशबाजी और साफा बांधकर स्वागत किया गया। कृषि मंत्री कंसाना का चुनाव के बाद यह प्रथम आगमन था। कृषि मंत्री ने सतवास के गुर्जर समाज के देवनारायण मंदिर में निर्माण कार्य हेतु अपनी विधायक निधि से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर प्रतिवर्ष होने वाले आयोजनों में सम्मिलित होने का गुर्जर समाज द्वारा आवाहन करवाया गया। तथा की जनता को विश्वास दिलाते कहा की खाद बीज की समस्या या अन्य कोई भी कृषि से संबंधित समस्या नहीं आने दूंगा। वहीं मंत्री कंसाना ने विधायक आशीष शर्मा से भी प्रतिवर्ष इस राशि को बढ़ाने का संकल्प भी दिलवाया। विधायक आशीष शर्मा ने भी पूर्व में दी गई राशि को बढ़ा दिया और अपने उद्बोधन के दौरान गुर्जर समाज के इतिहास के बारे में मंच के माध्यम से चर्चा की। वही सनातन धर्म से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले बागली विधायक मुरली भंवरा ने दान कार्यों से होने वाले पुण्य लाभ एवं कर्म संबंधित बात कही और गुर्जर समाज का क्रांति में योगदान को विस्तार से समझाया। साथ ही बागली विधायक ने अपनी निधि से 11 का शुभ आकड़ा बताकर 11 लाख रुपए की राशि की घोषणा की। साथ ही मांधाता विधायक ने भी मंच से देवनारायण मंदिर सहयोग निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की राशि घोषणा की इस अवसर पर गुर्जर समाज के हीरालाल पटेल, नेमावर गुर्जर समाज के अध्यक्ष नारायण सिंह गुर्जर, नंदकिशोर गुर्जर, डॉ मनोज यादव, बाबूलाल गुर्जर, रघुवीर सिंह पटेल,मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल, जनपद अध्यक्ष रेवाराम सारण, राजेंद्र यादव,नारायण व्यास, राजेश मालवीय, गोपीकृष्ण व्यास, कमलेश जोशी, योगेश पटेल, सुरेश यादव, भगत गुर्जर, जनपद उपाध्यक्ष मनीष पटेल, संतोष गुर्जर सरपंच, उमेश गुर्जर, संतोष मंडलोई, डॉ आर एन यादव, नरेंद्र गुर्जर, नरेंद्र पटेल, दिलीप पटेल, मुकेश वर्मा, राजा यादव सहित गुर्जर समाज वा अन्य पार्टी के पधाधिकारी लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय सेवकों को 30 जून अथवा 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त के बाद आगामी तिथि पर वेतन वृद्धि स्वीकृत संबंधी आदेश जारी

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन ने शासकीय सेवकों न्यायालयीन निर्णयों के आधार पर30 जून अथवा 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त के पश्चात आगामी तिथि पर वेतन वृद्धि स्वीकृत संबंधी आदेश जारी कर दिया है। इसमें सेवा निवृत्त हुए शासकीय सेवकों को 1 जुलाई अथवा 1 जनवरी की स्थिति में उनकी पात्रता के अनुसार काल्पनिक वेतन वृद्धि स्वीकृत की जाकर पेंशन के निर्धारण एवं पुनरीक्षण हेतु स्वीकृत आदेश जारी करने के संबंध में प्रशासकीय विभाग को अधिकृत किया गया है।

### मंगलवार को राज्य संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में दर्शकों का प्रवेश नि:शुल्क

**भोपाल, निप्र।** आयुक्त पुरातत्व श्रीमती उर्मिला शुक्ला ने बताया कि विश्व धरोहर सप्ताह (19 नवम्बर से 25 नवम्बर 2024) के अवसर पर राज्य संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में 19 नवम्बर 2024, मंगलवार को दर्शकों के लिये प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने चयनित सहायक संचालक के पदस्थापना आदेश किये जारी

**भोपाल, निप्र।** स्कूल शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा सेवा में चयनित 17 सहायक संचालकों के पदस्थापना आदेश जारी किये हैं। इन सहायक संचालकों को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है। इन सहायक संचालकों को प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, संकुल केन्द्र शाला और जिला शिक्षा केन्द्र की कार्य-प्रणाली की जानकारी दी जायेगी।

### उच्चदाब उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक वृत्त में रिलेशनशिप मैनेजर नियुक्त

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उच्चदाब उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही बेहतर सेवाएं और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए वृत्त स्तर पर महाप्रबंधक शहर एवं संचारण संधारण वृत्त को रिलेशनशिप मैनेजर नियुक्त किया है। ये रिलेशनशिप मैनेजर अपने वृत्त के अंतर्गत आने वाले उच्चदाब उपभोक्ताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने के साथ ही बेहतर सेवाएं प्रदान करते हुए उनके सुझावों और शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि राज्य शासन के निर्णयानुसार कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी वृत्त में महाप्रबंधकों को रिलेशनशिप मैनेजर नियुक्त किया गया है, जिनके माध्यम से कंपनी द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

### वाणिज्यिक हानियों को कम करने के साथ ही राजस्व संग्रहण बढ़ाएं : एसीएस ऊर्जा मंडलोई

**भोपाल, निप्र।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने सोमवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने के साथ ही राजस्व संग्रहण बढ़ाने के उपायों को अमल में लाते हुए बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने पर जोर दिया। एसीएस ऊर्जा श्री मंडलोई ने कहा कि प्रदेश में सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को व्यवधान रहित और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही उपभोक्ता सुविधाएं प्रदान करना राज्य शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि अंतिम छोर के विद्युत उपभोक्ता तक पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो। एसीएस श्री मंडलोई ने कंपनी कार्यक्षेत्र में सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को की जा रही विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के साथ ही कंपनी अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिये। श्री मंडलोई ने गोविन्दपुरा स्थित कंपनी के डिस्कॉम कंट्रोल सेन्टर का निरीक्षण किया एवं डिस्कॉम कंट्रोल सेन्टर द्वारा विद्युत आपूर्ति की नियंत्रण प्रणाली को देखा।

### पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के लिए बिजली वितरण के माकूल प्रबंध

**भोपाल, निप्र।** पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के लिए बिजली वितरण के माकूल प्रबंध किये गये हैं। यहां पर बिजली वितरण कंपनी की टीमें चौबीसों घंटे तैनात रहती हैं, ताकि तकनीकी कठिनाई आने पर कुछ मिनटों में ही मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य किया जा सके। यहां पर अति उच्चदाव एवं पैंथर लाइनों से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र एवं समीपी इलाकों के लिए कुवरसी 400 केवी, सेक्टर 1 के 220 केवी, सेक्टर 3 के 220 केवी, घाटा बिल्लौद 132 केवी, बेटमा 1432 केवी, नेट्रिप 132 अति उच्चदाब विद्युत केंद्रों से सप्लाई व्यवस्था है। पीथमपुर क्षेत्र के उच्च दाब के 1600 और निम्न दाब के 1500 उद्योगों के लिए वितरण केंद्रों एवं उच्चदाब की कुल 7 टीमें कार्यरत हैं, जो 33 केवी के 32 विशेषीकृत फीडरों पर मैंटेनेंस एवं अन्य जरूरी कार्यों को देखती है।

## जीतू पटवारी का प्रदेश सरकार पर तंज, कहा-अपने दायित्वों से विमुख हो रही है सरकार

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा कि मप्र में भाजपा और उसके नेता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जो मुद्दे उठा रहे हैं और जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, यह विषय जनता और जीवन को स्पर्श नहीं करते हैं। महंगाई मुंह खोले खड़ी है, जो मध्यमवर्गीय और उससे नीचे के सभी तबकों में बहुत बड़ी आर्थिक परेशानियां खड़ी कर रही है। मजदूर तबका बड़ी मुश्किल से एक् वक्त की रोटी खा पा रहा है।

जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश की सरकार को एक वर्ष का समय होने जा रहा है, किंतु बेरोजगारी के मसले पर एक सरकार ने कोई रोडमेप नहीं रखा है। सरकारी नौकरियों के लिए बड़े-बड़े विज्ञापन तो छपते हैं, हजारों शिक्षित नौजवान आवेदन भी करते हैं लेकिन न उन्हें इंटरव्यु के लिए बुलाया जाता है और ना नही उनकी लिखिल परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। युवा दर-दर की ठोकरे खाने के लिए विवश है। विगत वर्ष व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शिक्षकों की भर्ती हेतु शिक्षक पात्रता चयन परीक्षा आयोजित की गई थी, परीक्षार्थी परिणाम की आस लगाये बैठे हैं, लेकिन आज तक उस परीक्षा का कोई परिणाम घोषित नहीं किया गया। पटवारी ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों में भी आक्रोश और असुरक्षा व्याप्त है। अनेक अवसरों पर न्याय की याचना करने वाले स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों को न्याय देने की बजाय उन्हें अमानवीय तरीके से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, उनकी कोई बात तक नहीं सुनी गई। जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार का रवैया चाहे वह किसान हो, युवा हो, महिला हो या कर्मचारी वर्ग हो, सभी वर्ग के साथ अमानवीय और कठोर है। असफलता के इस तमाम वातावरण से ध्यान हटाने के लिये ऐसे गैरजरूरी मुद्दों को लगातार उछालकर भाजपा अपने असली रूप को छुपाने की कोशिश कर रही है।

---

### मन की बात के 62 एपिसोड भीली बोली में रूपांतरित

# झाबुआ जिले के 80 से अधिक शिक्षक मन की बात और प्रमुख भाषणों का कर रहे हैं भीली बोली में अनुवाद

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा एआई बेस्ड ट्रांसलेशन टूल तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनजातीय बोलियों में द्वि-भाषी शब्दकोश और त्रि-भाषी प्रवीणता मॉड्यूल तैयार कर नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहुभाषी शिक्षा लक्ष्य के तहत कक्षा 1, 2 और 3 के विद्यार्थियों के लिए जनजातीय भाषाओं व बोलियों में प्राइमर तैयार करना है।**





जनजातीय लोक परम्पराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न जनजातियों की लोककथाओं और इनका दस्तावेजीकरण करना भी इस नवाचार का प्रमुख लक्ष्य है। इस दिशा में प्रदेश के झाबुआ जिले में अत्यंत ही सराहनीय कार्य हो रहा है। यहां जिले के 80 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न प्रमुख गतिविधियों एवं संभाषणों का लगातार भीली बोली में अनुवाद का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में अब तक इन शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 62 एपिसोड का भीली बोली में अनुवाद किया जा चुका है। इनके द्वारा राष्ट्रपति के पिछले 12 वर्ष के संभाषणों एवं प्रधानमंत्री के गत 10 वर्ष के संभाषणों का अनुवाद किया जा चुका है। इसके अलावा कक्षा 1 से 5 तक की हिंदी विषय की पाठ्य पुस्तकों, कक्षा 3 से 5 तक पर्यावरण विषय की किताबों और आईआईटी, नई दिल्ली से प्राप्त 60 हजार से अधिक वाक्यों का भीली बोली में अनुवाद किया जा चुका है। यह कार्य निरंतर जारी है।

### राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर अनुवादकों का हुआ सम्मान

गत 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस ( भगवान बिरसा मुंडा जयंती ) के पावन अवसर पर झाबुआ जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में भीली बोली में अनुवाद में संलग्न सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और कलेक्टर झाबुआ सुश्री नेहा मीना द्वारा भीली बोली में अनुवादकों का आत्मीय सम्मान कर इनकी कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की गई। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि इन अनुवादकों के सहयोग से हमारे प्रमुख दस्तावेज और भाषण अब हमेशा के लिये भीली बोली में उपलब्ध हो गये हैं। हमारे बच्चे और शिक्षक अध्ययन-अध्यापन कार्य में इस स्थानीय बोली में उपलब्ध साहित्य का उपयोग कर बेहतर तरीके से विषय को समझ सकेंगे और आगे बढ़ सकेंगे।

## वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव कायस्थम के संरक्षक बने

### पच्चीस सदस्यीय सलाहकार मंडल भी घोषित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार, जाने-माने लेखक, साहित्यकार, चिंतक महेश श्रीवास्तव कायस्थ समाज में वैचारिक गतिशीलता लाने, विचार मंथन और चिंतन के लिए गठित कायस्थम भोपाल, मध्य प्रदेश के संरक्षक होंगे। महेश श्रीवास्तव ने संस्था को संरक्षक के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। इसके साथ ही कायस्थम संस्था में 25 सदस्यीय सलाहकार मंडल भी घोषित किया गया है।



कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सर्वश्री मनोज श्रीवास्तव, अजातशत्रु श्रीवास्तव, प्रदीप खरे, रजनीश श्रीवास्तव, आईएएस ओम प्रकाश श्रीवास्तव, एवं दीपक सक्सेना के अलावा रेलवे मंत्रालय के पूर्व संचालक एवं अखिल भारतीय सूचना सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अनिल सक्सेना, पूर्व संचालक जनसंपर्क विभाग अनिल माथुर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्भय श्रीवास्तव, डॉ. श्रीमती विजया ब्यौहार, डॉ. एस .के. सक्सेना, डॉ. आर.के .श्रीवास्तव, प्रसिद्ध उदघोषक डॉ. सुभाष सक्सेना, समाजसेवी सतीश रायजादा, वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश निगम, व्यवसायी श्रीमती नेहा सिंह, सेवानिवृत अधिकारी एवं व्यवसायी विनोद प्रधान, पत्रकारगण सर्व मलय श्रीवास्तव, राजेश चंचल, मनीष श्रीवास्तव, शिवकुमार विवेक, दिनेश निगम त्यागी, गोपाल श्रीवास्तव, देशदीप सक्सेना, अजय निगम को सलाहकार के रूप में शामिल किया गया है।

### 10 आईपीएस अफसरों का तबादला, छिंदवाड़ा समेत इन जिलों के बदले गए

**भोपाल, निप्र।** सोमवार कों पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है। शासन ने 10 आईपीएस पुलिस अफसरों का तबादला कर दिया है। आदेश के अनुसार 3 जिलों के स्क्र बदले गए हैं। नर्मदापुरम आईजी का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। गृह विभाग की ओर से इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक, शहडोल, सिंगरौली और छिंदवाड़ा के एसपी बदले गए। रामजी श्रीवास्तव शहडोल के एसपी बनाए गए हैं। मनीष खत्री को सिंगरौली पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, छिंदवाड़ा एसपी का प्रभार अजय पांडे को सौपा गया है। नर्मदापुरम आईजी का भी तबादला कर दिया गया है। इसका दायित्व मिथिलेश कुमार शुक्ला को सौंपा गया है। इसी के साथ दो राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का भी तबादला हुआ है। पुलिस मुख्यालय सहायक पुलिस महानिरीक्षक संदीप भूरिया को नरसिंहपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं खजुराहो एसडीओपी सलील शर्मा को रीवा विसबल भेज दिया गया।

## स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय आवश्यक : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएँ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय आवश्यक है। ताकि तेज गति से स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तारित किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों और अंतर्विभागीय समन्वय विषयों की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री संदीप यादव और आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री



श्री शुक्ल ने संजीवनी क्लीनिक में रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नियुक्तियाँ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए प्रक्रिया को तेज गति से पूर्ण किया जाए। नवीन गठित ज़िलों में जिला चिकित्सालयों के लिए चिकित्सकीय और पैरामेडिकल पदों की पूर्ति की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की । उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक प्रस्ताव मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को शीघ्र भेजे जाएँ, ताकि रिक्त पद जल्द भरे जा सकें और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो। शासकीय मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन के विषय पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आईपीएचएस मानक अनुसार रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## तालाबों एवं बावड़ियों के जीर्णोद्धार की बनाएं कार्य-योजना : मंत्री पटेल

### पंचायतों में कार्य समय-सीमा तय कर पूर्ण करें, नर्मदा नदी के किनारों पर हो सघन पौध-रोपण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में रिजल्ट ओरिएंटेड काम किए जाएं। सभी तालाबों एवं बावडियों का जीर्णोद्वार करें। इसके लिये पंचायत बार कार्य-योजना बनाए चरणबद्ध तरीके से काम करें। पौध-रोपण के बाद उनका सर्वाइवल रेट अधिक रहे, इस पर भी कार्य किया जाए। मंत्री श्री पटेल ने सोमवार को मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये।



मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में गत 15 नवंबर की स्थिति में जिन जनपद पंचायतों में श्रम सामग्री का अनुपात सही होगा, उनमें ग्रेवल रोड, खेत तालाब तथा अन्य नये कार्य प्रारंभ करने की मंजूरी जारी की जा रही है। यह राशि 1 से 3 करोड़ रूपये तक स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने कहा कि जैन मुनियों के प्रवास मार्ग चिन्हित कर प्रमुख मार्गों पर उनके रुकने के लिए समुचित व्यवस्था की जाये। शासकीय भूमि पर समुचित पौध-रोपण किये जायें। समीक्षा में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में खेत सड़क एवं सुदूर सड़क योजना में सड़कों की मांग एक बार में ही चिन्हित कर ली जाये, जिससे स्वीकृति के लिए निर्णय लिया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल शिक्षा विभाग के तहत स्कूलों की बाउंड्रीवॉल निर्माण में मनरेगा कन्वर्जेंस रेट भी तय किया जाए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में किए जा रहे पौध-रोपण को बाउंड्रीवॉल से सुरक्षित किया जाए। पौधे जल-स्त्रोतों के निकट ही लगाये जाये कि ये पौधे सुरक्षित भी रहें। हम सबको इसके लिए प्रयास करना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों की जनपद स्तर पर क्लस्टर मीटिंग नियमित रूप से होना चाहिए। बैठकों में ग्राम विकास की कार्ययोजना तय की जानी चाहिए। उन्होंने विभाग के पदस्थ इंजीनियर्स की प्रापर ट्रेनिंग कराने के निर्देश भी दिए। मंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिये कि विश्राम घाट शेड के साथ बाउंड्री वॉल का निर्माण भी किया जाए एवं परिसर में पौध-रोपण भी किया जाए। उन्होंने बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त करने का पत्र केन्द्र सरकार को भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण के लिए साइट सिलेक्शन उचित तरीके से किया जाए एवं उनके मेंटेनेंस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। ग्रेवल रोड के निर्माण में यदि आवश्यक हो, तो पुलिया के निर्माण के लिए राशि अलग से स्वीकृत की जाए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि खेत-तालाब योजना से किसान भाई विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं, अत: खेत तालाबों की स्वीकृति पर विशेष जोर दिया जाए।

## धान के लिए 1412 और मोटा अनाज के लिए 104 उपार्जन केन्द्र बनाए गए

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की सुविधा की दृष्टि से धान विक्रय के लिये 1412 और मोटा अनाज (ज्वार-बाजरा) के लिये 104 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। ज्वार-बाजरा का उपार्जन 22 नवम्बर से और धान का उपार्जन 2 दिसम्बर से होगा।



जिला बालाघाट में 185, सतना में 144, जबलपुर में 125, रीवा में 123, सिवनी में 99, कटनी में 84, मण्डला में 67, नर्मदापुरम में 65, सिंगरौली में 58, शहडोल में 55, पन्ना में 47, नरसिंहपुर में 45, सीधी में 43, उमरिया में 42, अनूपपुर में 34, दमोह में 33, डिण्डोरी में 31, रायसेन में 25, सागर में 24, सीहोर में 17, बैतूल में 17, छिंदवाड़ा में 9, शिवपुरी में 8, भिण्ड में 7, दतिया में 7, ग्वालियर में 6, हरदा में 3, विदिशा में 2, मुरैना में 2 और अलीराजपुर, झाबुआ, गुना, भोपाल एवं अशोकनगर में एक-एक धान उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

इसी तरह ज्वार-बाजरा के उपार्जन के लिये रीवा में 2, सिंगरौली में 3, भिण्ड में 20, दतिया में 4, ग्वालियर में 12, मुरैना में 51 और नर्मदापुरम, शहडोल, पन्ना, नरसिंहपुर, सीधी, सागर, बैतूल, शिवपुरी, विदिशा, बड़वानी, बुरहानपुर और श्योपुर में एक-एक उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

### राज्यपाल से प्रोबेशनर आई.पी.एस. अधिकारी मिले

# अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार : राज्यपाल पटेल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार होती है। संवेदनशील अधिकारी, समाज और राष्ट्र के सच्चें सेवक होते है। वे अपने कार्यों से समाज और राष्ट्र को बहुत कुछ दे सकते है।**

इसीलिए अपने कार्य व्यवहार में अधिकारियों को संवेदनशीलता के भाव को सदैव सर्वोपरि रखना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक, मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी श्रीमती सोनाली मिश्रा मौजूद थी। राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारियों से कहा कि इस पद तक पहुँचाने में आपके माता-पिता और गुरुजनों की विशेष भूमिका है। समाज के हर व्यक्ति का भी प्रत्यक्ष और परोक्ष योगदान है। उन सबके प्रति कृतज्ञता के भाव को जीवन में हमेशा याद रखे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आप सभी युवा अधिकारी, विकसित भारत निर्माण के लिए संकल्पित अमृत पीढ़ी के प्रतिनिधि है। विकसित भारत के लिए ऐसी कार्य संस्कृति बनाने की पहल करे, जिसमें जनता कानून लागू करने वालों से नहीं डरे, बल्कि कानून का सम्मान करे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि



आम आदमी आई.पी.एस. अधिकारियों को कानून व्यवस्था के संरक्षक और न्याय दिलाने में मदद करने वाले अधिकारी मानते है। उनके विश्वास पर खरा उतरना ही आपके कार्य की सफलता की कसौटी होगी। अपनी शक्तियों का उपयोग, समाज के अंतिम पंक्ति और कमजोर व्यक्ति को सशक्त बनाने में करे।

### साइबर क्राइम के बदलते स्वरूपों के लिए जागरूकता जरूरी

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पुलिस बल की संवेदनशील और पेशेवर पहचान बनाने में आपकी मेधा और ज्ञान महत्वपूर्ण है। बिना भय, विलम्ब और पक्षपात के कार्य कर स्वयं के उदाहरण से पुलिस बल को प्रेरित करे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान समय की बड़ी चुनौती, साइबर क्राईम और इसके बदलते स्वरूपों के प्रति जागरूकता और नवाचार बहुत जरुरी है। आमजनों और विशेष कर वंचित वर्गों को नवीनतम साईबर खतरों जैसे- डिजिटल अरेस्ट आदि विषयों के प्रति जागरूक करने के लिए नवाचारों के साथ प्रयास करे। राज्यपाल श्री पटेल का स्वागत, प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री उर्वशी ने किया। राज्यपाल श्री पटेल का मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी की निदेशक, श्रीमती मिश्रा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया और स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्ष 2022 और 2023 बैच के मध्यप्रदेश कैडर के कुल 11 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल है। आभार प्रदर्शन अकादमी के उपनिदेशक श्री मलय जैन ने माना। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, राजभवन के अन्य अधिकारी और संबंधित उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560